मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 42.2 | 27.1 |
| जमशेदपुर | 39.8 | 23.6 |
| डालटनगंज | 39.4 | 21.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 346 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





ब्रीफ खबरें

## देवघर एयरपोर्ट पहुंचे पीएम, हुआ स्वागत



**देवघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष विमान से गुरुवार को देवघर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, समेत कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की.पीएम मोदी के स्वागत के लिए देवघर एयरपोर्ट पर संथालपरगना के तीनों लोकसभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और राजमहल से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी भी मौजूद थे. इसके अलावा देवघर विधायक नारायण दास, सारठ विधायक रणधीर सिंह और राजमहल विधायक अनंत ओझा भी मौजूद रहे. देवघर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से जमुई के लिए रवाना हो गये. वे जमुई लोकसभा क्षेत्र के खैरा में जनसभा को संबोधित करने के बाद बंगाल में चुनावी सभा के लिए रवाना हो गये.

## हाईकोर्ट ने देवघर एम्स से मांगा जवाब

**रांची** । झारखंड हाइकोर्ट ने देवघर एम्स में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना पर सरकार से जवाब मांगा है. एम्स प्रशासन से कोर्ट ने 15 मई तक इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया है. स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया. 23 अगस्त 2022 को पेट्रोल से जलाकर एक नाबालिग की हत्या करने के मामले पर हाइकोर्ट ने संज्ञान लिया था. गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में निचली अदालत ने आरोपी युवक को सजा सुना दी है. सुनवाई के दौरान एम्स प्रशासन की ओर से बर्न यूनिट के बारे में बताया गया कि जनवरी 2023 से वहां फैकल्टी एवं डॉक्टर की नियुक्ति कर दी गई है और बर्न ट्रीटमेंट शुरू कर दिया गया है, लेकिन बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी यूनिट की स्थापना में कुछ माह का और समय लगेगा. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची स्थित रिम्स एवं एमजीएम जमशेदपुर में बर्न यूनिट के ठीक ढंग से काम नहीं करने की भी बात कही. कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि बर्न वार्ड को बेहतर बनाये जाने की जरूरत है.

राज्य सेवा की अफसर 740 दिन रहीं गायब, वेतन वृद्धि पर रोक

# राज्य सेवा के अफसर को सजा, आइएएस को सिर्फ निंदन


संवाददाता।रांची

राज्य प्रशासनिक सेवा और आइएएस अफसरों के दंड निर्धारण में काफी अंतर है. राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर ब्रजलता 740 दिन गायब रहीं. इसके बाद ब्रजलता के खिलाफ विभागीय कारवाई शुरू की गई, जिसमें उनपर एक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का दंड अधिरोपित किया गया. वहीं झारखंड कैडर के दो आइएएस अफसर अरवा राजकमल और बाघमारे प्रसाद कृष्णा भी लगभग दो साल तक गायब रहे. लेकिन उन्हें सिर्फ चेतावनी ही दी गई. हालांकि अरवा राजकमल निलंबित भी हुए.

- दो आइएएस अफसर दो साल रहे गायब, मिली निंदन और चेतावनी

### दो साल गायब रहे थे आईएएस अफसर अरवा राजकमल

झारखंड कैडर 2008 बैच के आईएएस अफसर अरवा राजकमल 7 अगस्त 2013 से 21 अप्रैल 2015 तक गायब थे. 14 दिन के उपार्जित अवकाश पर रहने का आवेदन देकर बैगर सरकारी अनुमति के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पढ़ने चले गए थे. इस कारण सरकार ने उन्हें 27 मई 2014 को सस्पेंड कर दिया था. वापस लौटने पर 27 मई 2015 को निलंबन मुक्त कर दिया गया था. वे एक साल के लिए निलंबित भी रहे. आदेश में कहा गया कि 27 मई 2014 से 21 अप्रैल 2015 तक में कोई भी जीवन निर्वाह भत्ता नहीं दिया जाएगा. कुल अनुपस्थित अवधि 24 अगस्त 2013 से 21 अप्रैल 2015 को असाधारण अवकाश के रूप में स्वीकृत कर दिया गया.




### तीन साल गायब रहे थे आईएएस अफसर बाघमारे कृष्णा प्रसाद

आईएएस अफसर बाघमारे प्रसाद कृष्णा लगभग तीन साल से अधिक समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित थे. इसके बाद राज्य सरकार ने भारत सरकार को बाघमारे कृष्णा प्रसाद के डीम्ड रेजिगनेशन का प्रस्ताव भेजा था. लेकिन भारत सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और राज्य सरकार को वापस भेज दिया. इससे पहले विभागीय कार्रवाई में भी दोषी पाए गए थे. विभागीय कार्रवाई के संचालन पदाधिकारी सह तत्कालीन अपर मुख्य सचिव इंदु शेखर चतुर्वेदी ने जांच रिपोर्ट कार्मिक विभाग को सौंपी थी.

### राज्य सेवा की अफसर ब्रजलता पर क्या है आरोप

राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर ब्रजलता 7 नवंबर 2014 से अंचल अधिकारी, कैरो, लोहरदगा के पद पर पदस्थापित थीं. इसके बाद उनका पदस्थापन अंचल अधिकारी, मंढरी, साहिबगंज के पद पर किया गया. ब्रजलता ने 3 जून 2016 को अंचल अधिकारी, कैरो, लोहरदगा का प्रभार छोड़ दिया. फिर राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अधिसूचना संख्या 4377 दिनांक 4 अगस्त 2016 को उनका पदस्थापन अंचल अधिकारी भंडरा, लोहरदगा किया गया. ब्रजलता 3 जून 2016 से 12 जून 2018 तक अनधिकृत रूप से अवकाश में रहीं. फिर 13 जून 2018 को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में योगदान दिया. इसके बाद उनकी सेवा कार्मिक विभाग को वापस कर दी गई. फिर 12 दिसंबर 2018 को उनका पदस्थापन कार्यपालक दंडाधिकारी गिरिडीह के पद पर किया गया. यहां पर उन्होंने योगदान नहीं दिया. फिर 28 अगस्त 2020 को उनका पदस्थापन कार्यपालक दंडाधिकारी रांची के पद पर किया गया. तक 31 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया.

**विभागीय कार्यवाही चलायी गयी**

अधिसूचित पदों पर योगदान नहीं करने, अनधिकृत्त रूप से अनुपस्थित रहने संबंधी आरोपों की जांच के लिए ब्रजलता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई संचालित की गई, जिसके तहत सेवा संपुष्टि की तिथि से एक वेतन वृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक का दंड अधिरोपित किया गया. तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी, रांची और कार्यपालक दंडाधिकारी धालधूम सदर (पूर्वी सिंहभूम) की रिपोर्ट में बताया गया कि ब्रजलता अनधिकृत्त रूप से 3 जून 2016 से 12 जून 2018 तक (कुल 740 दिन) तथा 13 दिसंबर 2018 से 30 अगस्त 2020 तक (कुल 627 दिन) गायब रहीं. उनकी अनुपस्थिति को झारखंड सेवा संहिता के नियम 180बी के तहत असाधारण अवकाश के रूप में स्वीकृत किया गया.

राजनीतिक तपिश से तप रहा झारखंड, चले जा रहे दांव पर दांव

# दुमका में सीता से टकराएंगे नलिन गिरिडीह से दिल्ली की राह तलाशेंगे मथुरा

**सीएम चंपाई और हेमंत सोरेन की मुलाकात के हैं कई मायने मुलाकात के बाद ही झामुमो ने की उम्मीदवारों की घोषणा**

**आज होगी झामुमो विधायक दल की बैठक, गिरिडीह में तीन कुर्मी नेताओं के बीच मुकाबले के बन रहे आसार**

रवि भारती।रांची

झारखंड राजनीतिक तपिश से तप रहा है. दांव पर दांव चले जा रहे हैं. झामुमो ने गिरिडीह और दुमका में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सभी को चौंका दिया है. दुमका से झामुमो ने नलिन सोरेन को उतारा है. अब दुमका में उनका मुकाबला सीता सोरेन से होगा. वहीं झामुमो ने गिरिडीह से मथुरा महतो को उम्मीदवार बनाया है.

उनका सीधा मुकाबला आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी से होगा.बताते चलें कि सीएम चंपाई सोरेन और बसंत सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जेल में मुलाकात की. उसके बाद यह फैसला हुआ कि दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा महतो उम्मीदवार होंगे. गिरिडीह में 25 मई और दुमका में एक जून को मतदान होना है.

### पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे मथुरा महतो

टुंडी से तीन बार विधायक बने मथुरा महतो गिरिडीह से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे. 2005, 2009 और 2019 में मथुरा महतो टुंडी से झामुमो के टिकट पर विधायक चुने गये हैं. मथुरा को गिरिडीह से टिकट मिलने के बाद मुकाबला दिलचस्प हो गया है.इस सीट पर तीन कुर्मी नेताओं के बीच मुकाबला होगा. इसमें वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी आजसू से, मथुरा महतो झामुमो से और जयराम महतो निर्दलीय मैदान में उतरेंगे.




### चंपाई-हेमंत की मुलाकात में चुनावी रणनीति पर चर्चा

सीएम चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन के बीच हुई मुलाकात के कई मायने भी निकाले जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि दोनों के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई. इसकी वजह यह भी है कि पांच अप्रैल को झामुमो विधायक दल की बैठक भी होनी है. राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव में स्थानीय को ही उम्मीदवार बनाने की बात कही है. राजनीति के जानकारों का यह भी मानना है कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कल्पना सोरेन जिस तरीके से राजनीति में सक्रिय हुई हैं, उससे कयासों का बाजार गर्म है. हेमंत सोरेन कतई नहीं चाहेंगे कि सत्ता की कमान उनसे दूर रहे.

### नलिन ने सात विस चुनाव जीतने का बनाया है रिकॉर्ड

झामुमो के दिग्गज नेता नलिन सोरेन लगातार सात बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं. मधु कोड़ा सरकार में कृषि मंत्री रहे नलिन सोरेन पर बीजों की खरीदारी में अनियमितता का आरोप लगा. इस दौरान राज्य से लेकर केंद्र तक सोरेन का नाम चर्चा में आया. लेकिन इन सभी आरोपों को दरकिनार करते हुए उन्होंने खुद को साबित भी किया. झारखंड विधानसभा में एक ही पार्टी और एक ही क्षेत्र से लगातार सात बार निर्वाचित होने वाले नलिन सोरेन के अलावा कोई दूसरा विधायक नहीं हैं. नलिन सोरेन ने 1990, 1995, 2000, 2005, 2009, 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है.

# झारखंड के 2.50 लाख बीपीएल परिवारों के घर हुए रौशन

प्रमुख संवाददाता।रांची

झारखंड के 2 लाख 44 हजार 971 बीपीएल परिवारों के घर रौशन हो गये हैं. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत इन बीपीएल परिवारों के घर बिजली पहुंच गयी है. इसमें सबसे अधिक गढ़वा में 76,179 और पलामू में 59,279 बीपीएल परिवारों को बिजली का कनेक्शन दिया गया है. धनबाद में 16,611 और रांची में 13,051 बीपीएल परिवारों को कनेक्शन दिया गया है.

**दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत मिली बिजली**

**76,179**

गढ़वा में और पलामू में 59,279 परिवारों को मिला कनेक्शन



### 108 नये पावर सब स्टेशन की स्थापना

बीपीएल परिवारों को बिजली का कनेक्शन देने के साथ ही साथ राज्य के सभी जिलों में कुल 33 केवी के 108 नयेए पावर सब स्टेशन भी बनाये गये हैं. 1364 .58 सर्किट किलोमीटर 33 केवी लाइन भी बिछायी गयी है. 11 केवी की 18403 .19 सर्किट किलोमीटर लाइन बिछायी गयी है. वहीं बिजली चोरी और एनर्जी ऑडिटिंग के लिए 55 हजार 765 डीटीआर मीटर भी लगाए गये हैं.

### किस जिले में कितने परिवारों को मिली बिजली

| जिला | बीपीएल परिवारों की संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 1841 |
| चतरा | 16611 |
| धनबाद | 4502 |
| दुमका | 2124 |
| पूर्वी सिंहभूम | 2928 |
| गढ़वा | 76179 |
| गिरिडीह | 22043 |
| गोड्डा | 435 |
| गुमला | 12827 |
| हजारीबाग | 999 |
| जामताड़ा | 883 |
| खूंटी | 6640 |
| कोडरमा | 5670 |
| लातेहार | 6617 |
| लोहरदगा | 53 |
| पाकुड़ | 25 |
| पलामू | 59279 |
| रामगढ़ | 529 |
| रांची | 13051 |
| साहेबगंज | 507 |
| सरायकेला | 995 |
| सिमडेगा | 6570 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 3663 |

### जिले में कितने हैं नए 33 केवी पावर सब-स्टेशन

| जिला | पावर सब स्टेशन की संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 05 |
| चतरा | 05 |
| देवघर | 04 |
| धनबाद | 03 |
| दुमका | 03 |
| पूर्वी सिंहभूम | 08 |
| गढ़वा | 04 |
| गिरिडीह | 05 |
| गोड्डा | 05 |
| गुमला | 03 |
| हजारीबाग | 04 |
| जामताड़ा | 02 |
| खूंटी | 05 |
| कोडरमा | 03 |
| लातेहार | 07 |
| लोहरदगा | 04 |
| पाकुड़ | 02 |
| पलामू | 11 |
| रामगढ़ | 04 |
| रांची | 06 |
| साहेबगंज | 03 |
| सरायकेला | 02 |
| सिमडेगा | 07 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 03 |

# प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए 24 टीमें रवाना हुईं



संवाददाता ।रांची

प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम राज्य के विभिन्न जिलों में रवाना हो गयी है. 24 पदाधिकारियों के नेतृत्व में बनी टीमें सभी 24 जिलों में पहुंचेंगी. ये टीम राज्य के 80 जिला स्तरीय उत्कृष्ट स्कूलों, 325 आदर्श विद्यालय और सभी कोटि के आवासीय स्कूलों का औचक निरीक्षण करेगी. निरीक्षण के बाद टीम प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को सौंपेंगी. सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों पर मई महीने में कार्रवाई की जायेगी.राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने अनुश्रवण टीम में शामिल पदाधिकारियों को निरीक्षण से संबंधित निर्देश दिए और उन्हें विनम्र और सौम्य व्यवहार रखने की सलाह दी.

उपायुक्त और डीडीसी को सौंपनी होगी रिपोर्ट अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अनुश्रवण के पहले दिन जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निरिक्षण की आगे की कार्रवाई तय करें। किस स्कूल में जाना है, कितना समय देना है या किन बिन्दुओं पर केंद्रित सवाल करना है, ये सब पूर्व से तय हो। पदाधिकारियों को भ्रमण किये गए स्कूलों की सीलबंद रिपोर्ट जिले को उपायुक्त एवं डीडीसी को भी सौंपने का निर्देश दिया गया।

लोस चुनाव : पार्टी का चुनावी अभियान पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है

# प्रदेश कांग्रेस चलाएगी घर-घर गारंटी अभियान

संवाददाता।रांची

प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस ली है. 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत करेगी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी लोगों को नहीं मिली, लेकिन कांग्रेस जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी. पार्टी का चुनावी अभियान पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है. इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे. उन्होंने कहा ''हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी. अध्यक्ष ठाकुर प्रदेश कार्यालाय में मीडिया से बात कर रहे थे.



### आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे

पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है, उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है. पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी है. उसने 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्ज माफी आयोग का गठन और 'जीएसटी' मुक्त खेती का वादा किया है. कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय' के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है. उसने 'नारी न्याय' के अंतर्गत 'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किये हैं.कांग्रेस ने महिलाओं की समृद्धि पर विशेष जोर दिया गया है. महिलाओं को लेकर विशेष पांच गारंटी की बात कही गयी है.

### क्या है कांग्रेस पार्टी की पांच गारंटी

- सभी गरीब परिवार में एक महिला को हर साल सीधे बैंक खाते में 1 लाख रुपये भेजे जायेंगे.
- केंद्र सरकार की नौकरियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा.
- शक्ति का सम्मान के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं का मासिक मानदेय दोगुना करेगी.
- अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देंगे और इन अधिकारों को लागू करने में मदद करेंगे.
- सावित्री बाई फुले हॉस्टल योजना के तहत कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी की जाएगी

**मोदी की गारंटी कामयाब नहीं हुई, लोगों को मिली ही नहीं**

अध्यक्ष ने कहा कि मोदी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई. उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली. उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली. उन्होंने 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं हुई. उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों से किए वादे भी मोदी सरकार ने पूरे नहीं किए. लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र पांच न्याय पर आधारित है, जिसका पार्टी पलान करेगी.

अच्छी पहल 100 करोड़ रुपये स्कूलों के बच्चों के लिए अंडा और फल पर खर्च किये जायेंगे

# सरकार का सेहत पर ध्यान,पोषण पर 631 करोड़ होंगे खर्च

रवि भारती।रांची

राज्य सरकार ने सरकारी स्कूल के बच्चों की सेहत पर जोर दिया है. नये वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्कूली शिक्षा विभाग बच्चों के पोषण पर 631.64 करोड़ रुपए खर्च करेगा. इसमें मिड डे मिल भी शामिल है. वहीं बच्चों को फल और अंडा भी दिये जायेंगे, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. वहीं कक्षा एक से आठ तक के एसटी, एससी, ओबीसी, पीवीजीटी और अल्पसंख्यक बच्चों को पोशाक दिया जाएगा, जिसमें 30 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जायेंगे.

**35.82**

करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है.

**10**

करोड़ और एमडीएम के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी.

**1022.66**

करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2024-25 में खर्च किये जायेंगे.



### स्कूल किट के लिए 72.33 करोड़ रुपये

स्कूली बच्चों के स्कूल किट के लिए 72.33 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे . वहीं मुफ्त में किताब देने के लिए 35.82 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है. ज्ञानोदय योजना के तहत 100 रुपये खर्च किए जायेंगे. स्कूलों के अपग्रेडेशन पर 10 करोड़ और एमडीएम के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी 10 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे.

### सर्व शिक्षा अभियान पर विशेष जोर

राज्य सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान पर भी जोर दिया है. इसके तहत 1022.66 करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2024-25 में खर्च किये जायेंगे. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विकास के लिए 48.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के तहत 23.11 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

## लोहरदगा के एसपी ने नक्सल प्रभावित गांवों का किया दौरा

**रांची/ लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा पुलिस अलर्ट मोड में है. गुरुवार को जिले के एसपी हारिश बिन जमा जिला




मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर अति नक्सल प्रभावित गांव पहुंचे. एसपी ने सांगोडीह, मुर्मू , मन्हा, मांची, सीरम, खरचा, देवदरिया, खरिया गांव के बूथों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. वहीं ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी डर के लोकतंत्र के पर्व में भारी संख्या में मतदान करें.

CLASSIFIED









**सर्राफा**

सोना (बिक्री) 65,500

चांदी (किलो) 82,000

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



चुनावी समर 2024

शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 11 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 346

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## कांग्रेस के राज में भारत को कमजोर माना जाता था: मोदी

**जमुई (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बिहार में अपनी चुनावी रैली की शुरूआत की. वह जमुई के खैरा मैदान में एनडीए के घटक दल लोजपा



(रामविलास) के जमुई लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण भारती के पक्ष में प्रचार करने आए थे. इस दौरान मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में भारत को कमजोर और गरीब देश माना जाता था तथा छोटे-छोटे देशों के आतंकी भी देश पर हमला कर के चले जाते थे. विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में एक-दूसरे के लिए जेल की सजा की मांग करते थे, वे 'मोदी के खिलाफ लड़ने के नाम पर' एक साथ आ गए हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल जैसी पार्टियों ने अपनी सरकार के समय पूरी दुनिया में देश का नाम खराब किया था.

## सांप पर भरोसा कर सकते हैं, भाजपा पर नहीं: ममता

**कूच बिहार।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता का पालन नहीं करने का आरोप



लगाया है. उन्होंने कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं. वह कूचबिहार में गुरुवार को एक रैली को संबोधित कर रही थीं. ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, बीएसएफ और सीआईएसएफ, भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं. उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया. मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा देश को बर्बाद कर रही है. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के अधिकारियों का तबादला किया जा रहा है. पूछा कि एनआईए, सीबीआई, आईटी के कितने अधिकारियों का तबादला किया गया है? कहा, भाजपा केवल एक राष्ट्र, एक पार्टी के सिद्धांत का पालन करती है.

## पूरे देश को चुकानी पड़ी चुनावी बॉण्ड योजना की कीमत: रमेश

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड योजना को लेकर एकबार फिर से कांग्रेस ने भाजपा पर हमलावर रुख अपनाया है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया



कि हर कीमत पर चंदा वसूलने की भाजपा की चाह के कारण चुनावी बॉण्ड योजना को आगे बढ़ाया गया, जिसकी कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ी. उन्होंने गुरुवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''चुनावी बॉण्ड मामले में चार मुख्य तरीकों से भ्रष्टाचार हुआ है. हर गुजरते दिन के साथ ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं, जिनसे भ्रष्टाचार की और अधिक स्पष्ट रूप से पुष्टि होती है.'' रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन से हुए इस भ्रष्टाचार ने पूरे देश को अपने चपेट में ले लिया है. उनका कहना था कि सात वर्षों (2016-17 से 2022-23) में कर अदायगी के बाद नकारात्मक या लगभग शून्य लाभ वाली 33 कंपनियों ने भाजपा को 434.2 करोड़ रुपये का चंदा दिया. इन 33 कंपनियों का कुल शुद्ध घाटा एक लाख करोड़ रुपये से अधिक था.

## देश बनाने व बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को 'देश बनाने' और



'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा. राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है. हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा. उन्होंने कहा, कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन का मतलब- युवाओं की नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन, जातिगत गणना, आर्थिक सर्वे, सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोजगारी पक्की, किसानों पर कर्ज का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है.

**ब्रीफ खबरें**

### ए विजयालक्ष्मी बनीं दुमका आईजी, राकेश रंजन देवघर एसपी

**रांची।** चुनाव आयोग के निर्देश पर चार आईपीएस अफसरों की पोस्टिंग हुई है. ए विजयालक्ष्मी को दुमका जोनल आईजी,



वाईएस रमेश को पलामू डीआईजी, राकेश रंजन को देवघर एसपी और सुमित कुमार अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी बनाया गया है. वहीं, कैलाश करमाली को रांची जिले का ट्रैफिक एसपी बनाया गया है. गौरतलब है कि बीते दो अप्रैल को चुनाव आयोग ने दुमका आईजी ,पलामू डीआईजी, एसपी देवघर, रांची ग्रामीण एसपी का पद भरने का निर्देश दिया था. साथ ही इन सभी पद को भरने के लिए पैनल मांगा था.

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया. उच्च न्यायालय ने कहा कि कई बार राष्ट्रीय हित को निजी हित के ऊपर तरजीह देनी होती है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा, कई बार राष्ट्रीय हित को निजी हित से ऊपर रखना पड़ता है लेकिन यह उनका व्यक्तिगत फैसला है. हमें एक अदालत के तौर पर कानून के अनुसार चलना होगा. आपका समाधान यहां नहीं, कहीं और है. आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाइए.

### हिजबुल से जुड़े तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**लखनऊ (उप्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने दो पाकिस्तानी नागरिकों सहित तीन लोगों को फर्जी भारतीय दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया है. इनमें से एक व्यक्ति के आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े होने का दावा किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पाकिस्तान के रावलपिंडी निवासी मोहम्मद अल्ताफ भट्ट, इस्लामाबाद निवासी सैय्यद गजनफर और जम्मू-कश्मीर के निवासी नासिर अली के रूप में की गई है.

### सोनिया, वैष्णव सहित 14 ने रास में शपथ ली

**नई।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली. इसके अलावा कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन, उत्तर प्रदेश से भाजपा नेता आरपीएन सिंह, प. बंगाल से समिक भट्टाचार्य, आंध्र प्रदेश से वाईएसआरसीपी नेता गोला बाबू राव, मेधा रघुनाथ रेड्डी और येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी ने भी राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली.

**इलेक्टोरल बॉण्ड का खुलासा**

# घाटेवाली 33 कंपनियों ने दिए 582 करोड़

**भाजपा को मिले 75%**




**शुभम संदेश नेटवर्क । नई दिल्ली**

राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड के जरिए चंदा देने वाली कम से कम 45 कंपनियों में से 33 कंपनियां घाटे में चल रही थीं. वर्ष 2017 से 2023 तक इन कंपनियों को एक लाख करोड़ का नुकसान हुआ था. इसके बाद भी इन 33 कंपनियों ने 576.2 करोड़ रुपये का दान दिया. इनमें से 434.2 (करीब 75 प्रतिशत) दान केंद्र में सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा द्वारा भुनाया गया. अंग्रेजी दैनिक द हिंदू के संवाददाता प्रसेनजीत बोस व द हिंदू डेटा टीम ने चंदा देने वाली 300 से अधिक कंपनियों की जांच करने के बाद यह खुलासा किया है. जांच में यह पाया गया कि इन कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक सात वर्षों में या तो कोई लाभ नहीं कमाया या घाटे में रहीं. इन 33 कंपनियों ने प्रत्यक्ष कर के रूप में शून्य या नाकारात्मक भुगतान किया. घाटे में चल रही कंपनियों द्वारा 572 करोड़ रुपये का दान दिया जाना संदिग्ध है. यह संदेह पैदा होता है कि क्या ये कंपनियां मुखौटे के रूप में काम करती हैं या उन्होंने अपनी आमदनी और घाटे के बारे में गलत जानकारी दी है. बड़ा संदेह यह भी है कि क्या यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है.

द हिंदू ने अपनी जांच में पाया है कि कुल छह कंपनियां ऐसी हैं, जिन्होंने 646 करोड़ रुपये का राजनीतिक चंदा दिया है. इसमें से 601 करोड़ (करीब 93 प्रतिशत) चंदा भाजपा के खाते में गया है. वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2022-23 के बीच इन कंपनियों को मुनाफा हुआ है. लेकिन इलेक्ट्रॉल बॉण्ड के जरिए दान की गयी राशि उनके शुद्ध मुनाफे

**576.2 करोड़ रुपये 33 कंपनियों ने दान दिया**

से बहुत अधिक है. यहां भी यही सवाल उठता है कि क्या ये छह कंपनियां मुखौटे के रूप में काम करती हैं या इन्होंने अपने लाभ व हानि की गलत जानकारी दी है.

तीन कंपनियों ने कुल 193.8 करोड़ का दान दिया. इसमें से 28.3 करोड़ (लगभग 15 प्रतिशत) के बॉण्ड को भाजपा ने भुनाया. जबकि बाकी राशि दूसरे दलों ने. कांग्रेस को 91.6 करोड़ (करीब 47 प्रतिशत), तृणमूल को 45.9 करोड़ (करीब 24 प्रतिशत), बीआरएस और बीजेडी को 10 करोड़ (करीब पांच प्रतिशत) और आम आदमी पार्टी सात करोड़ (करीब 3.6 प्रतिशत) मिले. इन तीन कंपनियों का शुद्ध मुनाफा तो सकारात्मक था, लेकिन वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल मिलाकर नकारात्मक प्रत्यक्ष कर की जानकारी सार्वजनिक की थी.

तीन कंपनियों ने 16.4 करोड़ का दान इलेक्ट्रॉल बॉण्ड के जरिए दिया, जिसमें से 4.9 करोड़ (करीब 30 प्रतिशत) को भाजपा ने भुनाया और बाकी कांग्रेस ने 58 प्रतिशत, अकाली दल और जेडी (यू) ने 6.1-6.1 प्रतिशत राशि के बॉण्ड को भुनाया. इन तीनों कंपनियों के पास सात साल की अवधि के शुद्ध लाभ या भुगतान किए गए प्रत्यक्ष करों का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं था, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या दानकर्ता शेल कंपनियां थीं, जो मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल थीं.

### घाटे में चल रही इन कंपनियों ने दिया 500 करोड़ से अधिक का चंदा (2016-17 से 2022-23)

| कंपनी का नाम | बांड की कुल राशि (करोड़ में) | भाजपा को मिला हिस्सा (%) | शुद्ध लाभ का योग (करोड़ में) | भुगतान किए गए प्रत्यक्ष करों का योग (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| भारती एयरटेल लिमिटेड | 198 | 99.7 | 76954.7 | 8250 |
| धारीवाल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | 115 | 21.7 | 299 | 00 |
| एसईपीसी पावर प्रा. लिमिटेड | 40 | 12.5 | 147.9 | 0.8 |
| डीएलएफ लक्ज़री होम्स लिमिटेड | 25 | 100 | 128.2 | 19.3 |
| पीआरएल डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड | 20 | 50 | 1550.5 | 4.7 |
| एसडी कॉर्पोरेशन प्रा. लिमिटेड | 17 | 100 | 10.4 | 26.4 |
| यूजिया फार्मा स्पेशलिटीज लिमिटेड | 15 | 100 | 28.9 | 7.2 |
| माइट्रा एनर्जी (इंडिया) प्रा. लिमिटेड | 19 | 52.6 | 86.8 | 126.3 |
| सैटेक एनवायर इंजी. (भारत) प्रा. लिमिटेड | 12 | 100 | 146.4 | 1.6 |
| एथेना इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | 10 | 100 | 198.6 | 70 |
| ब्राइट स्टार निवेश. प्रा. लिमिटेड | 10 | 100 | 492.5 | 110.5 |
| चंद्रज्योति एस्टेट डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड | 10 | 100 | 22.3 | 1.1 |
| पेगासस प्रॉपर्टीज प्रा. लिमिटेड | 10 | 100 | 91.3 | 17.1 |
| पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | 10 | 100 | 16376.6 | 5178.5 |
| सेलीन कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड | 10 | 100 | 52.4 | 15.3 |
| सिल्वेनस प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड | 10.5 | 100 | 278.6 | 80.3 |
| ग्रीनको एनर्जी प्रोजेक्ट्स प्रा. लिमिटेड | 08 | 100 | 120.3 | 12.7 |
| वरोरा-चंद्रपुर-बल्लारपुर टोलरोड लिमिटेड | 07 | 100 | 4.6 | 4.9 |
| ओरिएंटल साउथ दिल्ली होटल्स प्रा. लिमिटेड | 05 | 100 | 49.1 | 00 |
| ग्राम दे नंदी प्रा. लिमिटेड | 05 | 100 | 48 | 00 |
| यू एम केबल्स लिमिटेड | 4.5 | 88.9 | 19.4 | 8.3 |
| ओंकार रियल्टर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड | 4.5 | 66.7 | 1560 | 9.3 |
| टैक्विटो लीज़ ऑपरेटर्स प्रा. लिमिटेड | 04 | 100 | 167.4 | 0.2 |
| अरविंद ब्यूटी ब्रांड्स रिटेल प्रा. लिमिटेड | 03 | 100 | 111.7 | 13.2 |
| एसएनएस क्लोदिंग प्रा. लिमिटेड | 02 | 100 | 0.7 | 0.1 |
| चौगुले एंड कंपनी प्रा. लिमिटेड | 02 | 85 | 413.9 | 128.5 |
| गैनन डंकर्ले एंड कंपनी लिमिटेड | 1.5 | 100 | 121.9 | 42.1 |
| आईनॉक्स लीज़र लिमिटेड | 01 | 100 | 283.5 | 17.1 |
| जेएनएस इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड | 01 | 100 | 35 | 00 |
| पैनेसिया बायोटेक लिमिटेड | 01 | 100 | 466.6 | 53.3 |
| अरिहंत एंटरप्राइजेज लिमिटेड | 0.4 | 100 | 0.3 | 00 |
| डेम्पो इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड | 0.2 | 75 | 1.9 | 6.7 |
| जियोजित इन्वेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड | 0.1 | 25 | 3.48 | 0.64 |
| **शुद्ध लाभ के योग से अधिक दान राशि** | | | | |
| क्विक सप्लाई चेन प्रा. लिमिटेड | 410 | 91.5 | 144.1 | 62.45 |
| मदनलाल लिमिटेड | 185.5 | 94.6 | 2.07 | 3.11 |
| नेक्सजी डिवाइसेज प्रा. लिमिटेड | 35 | 100 | 28.85 | 14.99 |
| ए बी एन एल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड | 10 | 100 | 8.97 | 4.69 |
| प्रगति एंटरप्राइजेज लिमिटेड | 3.5 | 100 | 0.02 | 00 |
| श्री कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | 02 | 100 | 0.16 | 0.04 |
| **दान राशि, लाभ सकारात्मक लेकिन प्रत्यक्ष करों का योग** | | | | |
| एमकेजे इंटरप्राइजेज लिमिटेड | 192.4 | 14 | 60.33 | 10.62 02 |
| पटेल हाईवे प्रबंधन प्रा. लिमिटेड | 01 | 100 | 24.86 | 1.53 |
| एबीसी इंडिया लिमिटेड | 0.4 | 100 | 11.85 | 2.24 |
| **इन कंपनियों के लाभ या करों पर कोई डेटा उपलब्ध नहीं है** | | | | |
| भारती इंफ्राटेल सर्विसेज लिमिटेड | 12 | 16.7 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| कमल ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड | 3.5 | 57.1 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| जय सस्पेंशन सिस्टम्स लिमिटेड | 0.9 | 100 | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |

**ईडी ने अपनी चार्जशीट में किया दावा**

## हेमंत के कहने पर पिंटू ने जमीन के सत्यापन का दिया था निर्देश

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू का हवाला देते हुए ईडी ने कोर्ट में दाखिल की गई अपनी चार्जशीट में बड़ा दावा किया है. ईडी के अनुसार, पिंटू ने कहा है कि हेमंत सोरेन के निर्देश पर ही उसने उदय शंकर को 8.86 एकड़ जमीन का सत्यापन करने को कहा था. बता दें कि ईडी ने बीते 18 मार्च को उससे पूछताछ की थी.

इस दौरान ईडी ने अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू का बयान पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किया था. ईडी के मुताबिक, अपने बयान में उसने स्वीकार किया था कि वह उदय शंकर को जानता है, जो सीएमओ में तैनात एक अधिकारी है. उसने आगे कहा कि वह उन्हें कई कार्यों के लिए निर्देश देता था. उदय शंकर को उसके निर्देशों के संबंध में एक विशिष्ट प्रश्न पर पिंटू ने कहा है कि उसे याद है कि उसने उदय को तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर बड़गाई में 8.86 एकड़ संपत्ति की जानकारी प्राप्त करने और सत्यापन करने का निर्देश दिया था.

**पिंटू ने दो संपत्तियों के सत्यापन का भी दिया था निर्देश :** ईडी का दावा है कि पिंटू ने व्हाट्स ऐप पर उदय शंकर को सत्यापन के लिए दो और संपत्तियां दी थीं, जो हेमंत सोरेन और उनके परिवार की थीं. पिंटू ने ईडी को उसके और उदय शंकर के बीच 12 अक्टूबर 2022 को हुई



अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू

- अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से 18 मार्च को की गई थी पूछताछ
- उदय शंकर को 8.86 एकड़ जमीन सत्यापित करने को कहा गया था

व्हाट्सएप चैट दिखाई है, जिसमें पिंटू, उदय शंकर को दो संपत्तियों के सत्यापन के लिए निर्देश दिया था. यह दावा ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ किए चार्जशीट में किया है.

**30 मार्च को ईडी ने दाखिल की थी चार्जशीट :** ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ 30 मार्च को चार्जशीट दाखिल किया था. बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का हेमंत सोरेन पर ईडी ने आरोप लगाया है. बता दें कि बीते 31 जनवरी को ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर ईडी ने पूछताछ की थी. वहीं निलंबित अंचल निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद से 12 दिनों तक ईडी ने पूछताछ की थी.

**हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन पर पीएमएलए कोर्ट ने लिया संज्ञान**

## राजकुमार, हिलेरियस और विनोद के खिलाफ समन जारी

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य के खिलाफ दाखिल की गयी ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है. रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ समन जारी किया है. अब तीनों के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है. बता दें कि रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में 30 मार्च को ईडी के अधिकारियों ने लगभग 5500 पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दाखिल की थी. इसमें इस बात की विस्तृत जानकारी दी गयी थी कि लैंड स्कैम के जरिये कैसे मनी लॉन्ड्रिंग की गयी. इसी पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है. इस



**खास बातें**

- 30 मार्च को दाखिल की थी 5500 पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन
- ईडी ने लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग की दी थी जानकारी

केस के प्रमुख आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं.

# लोकतंत्र बचाओ बनाम भ्रष्टाचार मिटाओ



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**प्रसंगवश**

चुनावी महाभारत की तैयारियां दिखने लगी हैं. बीते रविवार को दो रैलियां हुईं. पहली दोपहर में और दूसरी शाम में. पहली इंद्रप्रस्थ (दिल्ली) में और दूसरी हस्तिनापुर (मेरठ) में. पहली शुद्ध रूप से राजनीतिक थी, दूसरी विशुद्ध रूप से चुनावी. पहली में न कोई उम्मीदवार था, न दावेदार, दूसरी में उम्मीदवार भी थे और उम्मीदों को परवान चढ़ाने वाले किरदार भी. पहली में शिकायतें थीं, उलाहने थे, आशंकाएं थीं, दूसरी में जीत का जज्बा था. पहली में मंच पर देश भर के नेता थे, दूसरी में केवल उत्तर प्रदेश के महारथी थे. पहली रैली का लब्बोलुआब संदेश यह था कि मोदी आये तो न लोकतंत्र बचेगा, न संविधान. वे चार सौ सीटें संविधान बदलने के लिए मांग रहे हैं. मोदी ने चुनाव जीतने के लिए अंपायर को पटा लिया है, चुनाव से ठीक पहले दो खिलाड़ियों को जेल भेज दिया है. मैच फिक्स हो गया है. ऐसा नहीं होगा तो भाजपा 180 पर सिमट जायेगी. यानी बिना बेईमानी के भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती है. इसलिए भाजपा का मनोरथ पूरा हुआ तो देश में आग लग जायेगी. देश जल उठेगा. संदेश यह कि देश को जलने से बचाना है तो भाजपा का हारना जरूरी है. ये उद्गार पहली रैली के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी के ही हैं. इसे आप चेतावनी भी समझ सकते हैं और धमकी भी. लेकिन इसमें कहीं न कहीं पराजय की हताशा भी झलक रही है. यह रैली उसी रामलीला मैदान में हुई जहां से इंडिया अगेंस्ट करप्शन का बिगुल फूंका गया था और उसकी आवाज इतनी तेज थी कि तत्कालीन मनमोहन सरकार के हाथ-पांव सुन्न हो गये थे. उसी आंदोलन की उपज अरविंद केजरीवाल हैं और उसी आंदोलन की वजह से नरेंद्र मोदी के पक्ष में ऐसा माहौल बना कि कांग्रेस अपनी ऐतिहासिक पराजय के लिए अभिशप्त हो गयी. केजरीवाल ने तो कांग्रेस को पंजाब, दिल्ली, गुजरात में बुरी तरह रगड़ दिया. लेकिन विडंबना देखिए कि केजरीवाल की नजर में सभी भ्रष्ट नेता रविवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोष और दुःख व्यक्त कर रहे थे. बिहारी का एक प्रसिद्ध दोहा है- कहलाने एकत बसत, अहि मयूर मृग बाघ, जगत तपोवन सो कियो दीरघ दाघ निदाघ. यानी भीषण गर्मी ने सांप, मोर, हिरन और बाघ सभी को एक वृक्ष के नीचे ला दिया है. निहितार्थ यह कि ये परस्पर विरोधी नेता और दल सियासी तपिश में झुलस जाने की आशंका से एक हुए हैं.

दरअसल यह रैली आनन-फानन में आयोजित की गयी थी. इसलिए अव्यवस्थित थी और उखड़ी-उखड़ी भी. इसका मकसद केजरीवाल बचाओ था. लेकिन कांग्रेस ने शनिवार को ही साफ कर दिया कि यह रैली किसी व्यक्ति को बचाने के लिए नहीं, लोकतंत्र बचाने के लिए हो रही है. इससे केजरीवाल समर्थकों को झटका तो लगा, लेकिन हारे को हरिनाम या डूबते को तिनके का सहारा मानकर वे मन मसोस कर रह गये.

-शेष पेज 11 पर

### ब्रीफ खबरें

## ऑटोचालक संघ ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शहर के ऑटो चालक संघ से जुड़े लोगों ने गुरुवार को मेदिनीनगर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली. साथ ही ऑटो एसोसिएशन से जुड़े लोग अपने ऑटो के पीछे मतदाता जागरुकता संदेश युक्त बैनर को भी लगाया. इसके अलावा ऑटो में बैठे सवारियों से भी 13 व 20 मई को मतदान करने की अपील की. जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जिलेवासियों से पलामू लोकसभा के लिये 13 मई व चतरा लोकसभा के लिये 20 मई को मतदान की अपील करते हुए कहा कि आपके पास सरकार चुनने का मौका है. इसे व्यर्थ नहीं जाने दें.

## जुगल ने संरक्षक पद संभालने से किया इनकार

**मेदिनीनगर।** श्री महाबीर नवयुवक दल जेनरल के पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर ने वर्तमान कमेटी में संरक्षक पद संभालने से इनकार कर दिया है. उन्होंने जारी बयान में कहा है कि मैंने 23 मार्च को ही श्री महाबीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. साथ ही इस्तीफा पत्र में यह भी कहा है कि मेरी माता जी की तबीयत बहुत खराब है और मैं उनके इलाज के कारण काफी व्यस्त हूं. इसके बावजूद वर्तमान जनरल अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने मुझे संरक्षक पद पर नियुक्त कर दिया. उ

## पहली महापौर अरुणा शंकर को पितृशोक

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर के ससुर व मेदिनीनगर के पहले महापौर अरुणा शंकर के पिता राजकुमार गुप्ता का निधन हो गया है. वह लगभग दो माह से अस्वस्थ चल रहे थे और उन्होंने दो अप्रैल को लगभग 6.58 बजे बॉम्बे स्थित हिंदुजा हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली. उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के कछिया ग्राम में हुआ. वे अपने पीछे धर्मपत्नी समेत तीन पुत्री छोड़ गए. उनकी सबसे बड़ी बेटी मेदिनीनगर की महापौर रही हैं. अंतिम संस्कार में मेदिनीनगर शहर के मित्र शामिल हुए.

## चतरा सीट पर ओबीसी समाज का हक बनता है

**मेदिनीनगर।** सभी राजनीतिक पार्टियां ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं. लोकसभा चुनाव में चतरा सीट पर ओबीसी समाज का हक बनता है और सभी को यहां से ओबीसी समाज का प्रत्याशी खड़ा करना चाहिए. उक्त बातें मेदिनीनगर में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के झारखंड प्रदेश के प्रेस वार्ता मे विनय प्रसाद ने कही. सुदामा प्रसाद ने कहा कि इस सीट पर ओबीसी समाज का प्रत्याशी एनडीए द्वारा नहीं दिया गया. शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार साहू ने कहा कि चतरा सीट वैश्य बाहुल्य लोकसभा क्षेत्र है.

## गढ़वा में रिहंद से विद्युत आपूर्ति हुई शुरू

**गढ़वा।** पिछले दिनों आयी तेज आंधी एवं तूफान से बिजली के कई टावर ध्वस्त हो गये थे. इस कारण पिछले करीब एक सप्ताह से गढ़वा में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी. पेयजल की भी संकट उत्पन्न हो गयी थी. इस मामले में पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयास से उत्तर प्रदेश के रिहंद डैम से गढ़वा जिला में एक बार पुनः बिजली बहाल कर दी गई है. जानकारी देते हुए बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि तूफान में बिजली के कई टावर गिर जाने के बाद गढ़वा में बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गई थी.

### तसौवर ने बताया कि अख्तर उल्लूम मदरसा के चंदे को गढ़वा के एक्सिस बैंक में जमा करने जा रहे थे

# पुलिस ने बाइक से सवा लाख रुपये किये बरामद

**मझिआंव।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर एंटी क्राइम सघन जांच अभियान चलाया. वहीं मझिआंव-गढ़वा मुख्य पथ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सड़क पर लगे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एफएसटी टीम के पदाधिकारी के द्वारा एक बाइक से लगभग 1,25,000 रुपये बरामद किया गया.

मेराल थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी गुलजान अंसारी के पुत्र तसौवर अंसारी से रुपये बरामद किए गए. इस संबंध में तसौवर ने बताया कि



पलामू जिला के हैदर नगर थाना क्षेत्र के बभंडी गांव स्थित अख्तर उल्लूम मदरसा का ऑनलाइन ट्रस्ट के माध्यम से जमा चंदे को गढ़वा के एक्सिस बैंक में जमा करने जा रहे थे. इस संबंध में एफएसटी टीम के पदाधिकारी सह बीडीओ ने बताया कि एंटी क्राइम जांच के दौरान टीम के द्वारा बाइक से 1,24,781 रुपये बरामद की गई है. इसकी जानकारी एफएसटी टीम के वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है. तसौवर को पूछताछ के लिए थाना में बैठाया गया.

थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चला रहे चालकों को पकड़ा गया. उसके साथ ही बिना हेलमेट की गाड़ी नहीं चलाने के चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है. एंटीग्राम चेकिंग अभियान में एसआई नसीम अंसारी, एएसआई रविंद्र नाथ राय, मिथिलेश तिवारी के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### हरिहरगंज में बाइक से अवैध शराब जब्त की गयी

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में उत्पाद विभाग की ओर से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार की अहले सुबह हरिहरगंज के बरवादोहरी इलाके में अभियान चलाया गया. इस दौरान बाइक में लदा कुल 103 .68 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया. अवैध कार्य में संलिप्त विपिन यादव, रुपेश भुइयां, रंजन कुमार भुईयां और अखिलेश भुइयां को जेल भेजा गया. वहीं पवन पासवान के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया. इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत यह अभियान चलाया जा रहा है.

### बीडीओ की अगुवाई में मझिआंव में निकली जागरुकता रैली

# मतदान के लिए जागरूक करना प्रशासन का उद्देश्य

**संवाददाता। मझिआंव**

प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को मतदाता जागरुकता रथ का बीडीओ सतीश भगत, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी आकाश कुमार एवं नप के नगर प्रबंधक जितेश कुमार के साथ-साथ अन्य कर्मियों ने स्वागत किया. स्वागत के दौरान जेएसएलपीएस के बीपीएम शिवकुमार के नेतृत्व में समूह की महिलाओं के द्वारा "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" लिखकर मानव श्रृंखला बनाया गया. जिसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया. इसके पश्चात पदाधिकारियों के नेतृत्व में चुनाव से संबंधित कर्मियों एवं अन्य कर्मियों, जेएसएलपीएस की समूह की महिलाओं एवं स्थानीय लोगों के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई.

यह रैली प्रखंड कार्यालय से निकलकर लोहरपुरवा बायपास रोड होते हुए गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ से बाजार क्षेत्र होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय पर समाप्त हुआ. इस दौरान अधिकारियों ने हाथ में बैनर पोस्टर, वीवीपैट डमी मशीन लिए नगर भ्रमण किया. मौके पर बीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान कम से कम 80 प्रतिशत हो. जिसको लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया है. मतदान के लिए जागरूक करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है. इसको लेकर वृहद प्रचार



प्रसार भी किया जाएगा. मौके पर जन सेवक परमानंद प्रसाद, प्रशांत कुमार मिश्रा, सुरेश सिंह, अंचल निरीक्षक प्रभारी धनलाल उरांव, पंचायत सचिव विनोद सिंह, अविनाश कुमार,उत्पल रोशन टोप्पो, राकेश कुमार सिन्हा, विकास सिंह, रामाकांत तिवारी सहित अन्य सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे.

### चुनाव को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई यदुवंशी पेट्रोल पंप के समीप पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया. डंडई-मेराल मुख्य मार्ग पर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर डंडई थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान पुलिस ने 37 दो पहिया व आठ चार पहिया सहित छोटी बड़ी वाहनों की डिक्की खोलकर विधिवत जांच की. थाना प्रभारी ने बताया कि निष्पक्ष लोस चुनाव कराने को लोकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.

### आज से तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे बाबूलाल

**मेदिनीनगर।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंच रहे हैं. इसे लेकर पलामू जिला भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा अधिकारियों की बैठक हुई. पलामू भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि मरांडी पांच अप्रैल से सात अप्रैल तक पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत छह विधानसभाओं में बूथस्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगे. साथ ही पलामू गढ़वा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को बूथ जीतने का मंत्र भी देंगे.

### मतदाता जागरुकता अभियान चलाने की मांग

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं को जागरूक करने एवं सरकार द्वारा उपलब्ध पोस्टर, पर्चा आदि सार्वजनिक स्थलों पर लगवाने की मांग की है. सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि भवनाथपुर क्षेत्र में अब तक जागरुकता रथ नहीं पहुंचा है. उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में सार्वजनिक स्थलों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि सहित विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी सार्वजनिक स्थलों पर सरकार द्वारा प्राप्त पोस्टर लगाकर मतदाताओं को जागरूक करना जनहित में आवश्यक है.

## आग लगने से झाला जलकर हुआ खाक

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में बीती रात मंगर कोरवा के झाला में आग लग गई. जिससे झाला पूरी तरह जलकर खाक हो गया. दो पशु जलने से बच गये. मंगर कोरवा ने गांव के ही अजय साह, सुधीर साह, आनंद साह, अजित साह पिता स्व अकलू साह पर झाला जलाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया. घटना के संबंध में मंगर ने बताया कि बीती रात हम लोग घर में खाना खा रहे थे. इसी बीच बाहर शोरगुल आवाज सुने. निकाल कर देखा तो झाला जल रहा था. अगल बगल के लोग जब तक पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़े, तब तक सब चल चुका था. दो पशु बंधे हुए थे. वह किसी तरह बच गए. बताया कि अजय साह, आनंद साह चारों भाई हमेशा धमकाते हैं. यह जमीन हमारा है. खाली कर दो नहीं तो मार देंगे.

## संगठन मंत्री बनाए गए अमित कुमार कश्यप

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने पूर्व सचिव अमित कुमार कश्यप को सम्मानित किया. अमित को अखिल भारतवर्षीय कसौधन वैश्य महासभा का संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है. अमित के आवास पर जाकर उनको अंग वस्त्र और बुके भेंट किया गया. सभी पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए कहा कि अमित कश्यप के संगठनात्मक कार्य से राष्ट्रीय टीम में नई ऊर्जा का संचार होगा. गढ़वा सहित पूरे भारत में अपने कार्य से अमिट छाप छोड़ने का कार्य करेंगे. मौके पर कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, युवा टीम के कोषाध्यक्ष अभिषेक कश्यप उपस्थित थे.

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मिठाई दुकान का किया निरीक्षण

**संवाददाता। लातेहार**

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ शोभना टोप्पो के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी (एफएसओ) राजा कुमार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के कई मिष्ठान व किराना दुकानों का निरीक्षण किया. शहर के कुल 11 दुकानों से तेल, घी, बेसन, पनीर, नमक, सूजी, मिठाई समेत कई खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिया गया. सभी सैंपल को जयपुर के प्रयोगशाला में भेजा गया है. पदाधिकारी ने बताया कि खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच के लिए यह निरीक्षण किया गया. उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के पलामू स्वीट्स, दीपक स्वीट्स एंड स्नैक्स, उपहार स्वीट्स, नेहा स्वीट्स, मॉ लक्ष्मी होटल, पूजा जेनरल स्टोर, नंदकिशोर जेनरल स्टोर, आशीष किराना स्टोर, विकास



किराना स्टोर समेत कई दुकानों से खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया है. राजा कुमार ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट होने पर इन पर कार्रवाई की जायेगी.

## परशुराम वाहिनी ने किया रक्तवीरों को सम्मानित

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने एक कार्यक्रम में रक्तवीरों को सम्मानित किया. राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन का औचित्य जब कीर्तिमान बने तो पूरे समाज में खुशी दिखती है. कुछ ऐसा ही स्वरूप राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी में देखने को मिल रहा है. व्हाट्सएप ग्रुप में संपर्क करने के उपरांत कई लोग एक दूसरे की मदद करने को सामने आ रहे हैं. तिवारी ने कहा कि निरंतर लोगों द्वारा रक्त की कमी पर जान बचाने के लिए कई रक्तवीर रक्तदान कर रहे हैं. इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी द्वारा ऐसे रक्तवीरों को प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया. इन रक्तवीरों में पूर्वडीहा निवासी भानू दूबे, कजरू पांडू निवासी अनुज पाण्डेय, तिरूआ निवासी छोटू पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी व संजय पाण्डेय शामिल थे.

# कोयल रिवर फ्रंट पर होगा दीपोत्सव कार्यक्रम



**संवाददाता। पलामू**

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सात अप्रैल को शाम छह बजे कोयल रिवर फ्रंट पर दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा. स्वीप कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस की दीदियों और आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं की ओर से कोयल नदी तट पर हज़ारों दीप जलाये जायेंगे. आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया जायेगा. दीपोत्सव के अलावे पेपर लालटेन को हवा में उड़ाकर साथ ही घाट पर मोमबत्ती जलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा. इसके अतिरिक्त अन्य कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे. स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मेदिनीनगर शहरवासियों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है.

### न्यूज अपडेट

## मतदान केंद्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**गुमला।** घाघरा प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रुकी व हेदमी मतदान केंद्र का निरीक्षण गुरुवार को सीओ आशीष मंडल व बीडीओ दिनेश कुमार ने किया. इस दौरान सीओ व बीडीओ ने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा शौचालय, पेयजल, बिजली व फर्नीचर आदि का अवलोकन किया. शिक्षकों से उपलब्ध सुविधा की स्थिति से अवगत हुए और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. मतदान केंद्र में जो भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है उसे दुरुस्त करने की बात कही. चुनाव कर्मियों को परेशानी न हो इसके लिए शिक्षकों को अपने विद्यालय में पूरी सुविधा बहाल करना है.

## गुमला: वनकर्मियों ने बुझायी जंगल में लगी आग



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के कूड़ो छत्तरपुर पंचायत अंतर्गत अरंडा जंगल में असामाजिक तत्वों ने पेड़ों के नीचे गिरी सूखी पत्तियां पर आग लगा दिया. जिससे देखते ही देखते पूरे जंगल में आग की लपटें फैल गईं और पेड़ पौधे झाड़ी आदि को जला दिया. छोटे-छोटे जीव जंतु भी मर गए. आगजनी के इस घटना से सखुआ पेड़, औषधिय पौधे, जड़ी बूटी, विलुप्त जीव जंतु को नुकसान पहुंचा है. जंगल में आग नहीं लगाने के लिए लाख अभियान चलाने के बावजूद गांव के लोग अपनी आदत से लाचार हैं. हम नहीं सुधरेंगे के तर्ज पर महुआ चुनने के लिए जंगल में आग लगा रहे हैं. जिस कारण बसंत ऋतु पतझड़ के बाद पेड़ों पौधों में आए कोमल पत्तियां जलकर नष्ट हो गई.

## गढ़वा में मतदाता जागरुकता रथ का स्वागत



**गढ़वा।** मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक किया जा रहा है. मझिआंव प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मतदाता जागरुकता रथ का स्वागत जेएसएलपीएस की दीदियों ने किया. प्रखंड कार्यालय में जिले से आए हुए मतदाता जागरुकता रथ का स्वागत किया गया. फिर दीदियों ने रैली निकालकर पूरे शहर का भ्रमण किया. लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी. जागरुकता रैली के दौरान अबकी बार 80 फीसदी के पार, पहले मतदान-फिर जलपान, लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना अधिकार आदि नारे लगाये गये. ईसीएल फ़ॉर यंग वोटर और ईएलसी फ़ॉर फ्यूचर वोटर के बारे में विस्तार से बताया गया.

## श्री कृष्ण गौशाला परिसर में लगी एलईडी लाइट



**गढ़वा।** श्री कृष्ण गौशाला परिसर में रात में पर्याप्त रोशनी नहीं रहने के कारण गौशाला के सचिव रमेश कुमार दीपक के द्वारा एलईडी वेपर लाइट की मांग कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप से की गई थी. जिसे उमेश ने गंभीरता से लिया. उन्होंने जल्द ही अपने निजी खर्चे से पांच एलईडी वेपर लाइट की व्यवस्था गौशाला समिति को जनहित में उपलब्ध कराया.

## बसपा ने की बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग

**मेदिनीनगर।** बसपा के पलामू लोकसभा प्रभारी सह डाल्टेनगंज विस क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी व पलामू जिलाध्यक्ष अजय कुमार भारती ने डाल्टेनगंज शहर में जर्जर तार व पुल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसमें सुधार की मांग की है. जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि मेदिनीनगर शहर में बिजली का संचालन पुराने संसाधन से हो रहा है. शहर में ट्रांसफर का फ्यूज उड़ना, तार गिरना आदि अब सामान्य सी बात हो गई है. ज्ञात हो कि डालटेनगंज में साल 2000 में रामनवमी पर्व के दौरान एक बड़ा हादसा हो चुका है. अंडरग्राउंड विद्युत के सप्लाई को लेकर कार्य हुआ लेकिन वह भी आधा अधूरा ही है. उन्होंने कहा कि पलामू के वर्तमान सांसद चूंकि बाहरी हैं इसलिए उन्हें यहां के लोगों से कोई लेना देना नहीं है. वे पलामू से दो बार सांसद रह चुके हैं और तीसरी बार के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं. विधायक भी इस बिंदु पर मौन ही रहते हैं.

## सूर्यनारायण पूजा समिति की बैठक हुई संपन्न



**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति की एक बैठक अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में इस वर्ष भी चैती छठ के मौके पर छठ व्रतियों को औरंगा नदी तट पर सुविधाएं देने का निर्णय लिया गया. बैठक में चैती छठ पूजा को लेकर घाट और रास्ते की साफ सफाई कराने, लाइट व साउंड बॉक्स की व्यवस्था करने, अस्थायी महिला स्नानागार आदि बनाने का निर्णय लिया गया. अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इस वर्ष चाणक्यनगरी महावीर अखाड़ा द्वारा रामनवमी धूमधाम से मनाया जायेगा. अयोध्या नगरी में 550 वर्षों की कठिन तपस्या के बाद प्रभु श्री राम अपने घर विराजमान हुए हैं. रामनवमी को लेकर चटनाही महावीर अखाड़ा से पूरे मोहल्ले और रास्ते में महावीरी झंडा लगाने का कार्य अगले मंगलवार (9 अप्रैल) से प्रारंभ किया जायेगा. बैठक में शशिभूषण पांडेय, राजू यादव लक्ष्मण प्रसाद, अनिल कुमार, लखन मेहता, कौशल किशोर राज, जय शंकर पासवान,आयुष शौणडिक, शिवम कुमार, रंधीर दास, गणेश राम, चंदन कुमार, राहुल कुमार धीरज कुमार, मनोज प्रसाद, शुभम गुप्ता, रौशन कुमार, मनीष दास आदि मौजूद थे.

## शरारती तत्वों ने किराना दुकान में लगाई आग

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के बेदानीकला में शरारती तत्वों ने एक किराना दुकान में आग लगा दी. इस घटना में करीब तीन लाख की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी. भुक्तभोगी संदीप कुमार ने स्थानीय अंचल कार्यालय व थाना में आवेदन देकर मुआवजा की मांग के साथ ही घटना के भी जांच की मांग की है. भुक्तभोगी ने बताया कि वह बुधवार की देर शाम आठ बजे दुकान बंद करके घर चला गया था. रात 11 से 12 बजे के बीच आग लगने की सूचना मकान मालिक अत्ताउल्लाह अंसारी ने उन्हें दी. सूचना के बाद आसपास के ग्रामीण की मदद से लगभग एक से डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया. दुकानदार ने बताया कि आग से दो से तीन लाख का नुकसान हुआ है. सारी खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई है. इधर, उदयपुरा वन पंचायत के मुखिया महेंद्र पासवान ने स्थल के निरीक्षण के बाद कहा कि पीड़ित दुकानदार को हरसंभव मुआवजा राशि दिलाने की कोशिश की जाएगी. मुखिया ने आशंका जताई है कि किसी शरारती तत्व द्वारा दुकान में आग लगा दी है. उन्होंने पुलिस से जांच कर दोषियों पर कारवाई का आग्रह किया है.


### AFFIDAVIT

I, **Disha Sharma** wife of **Sri Akash Sharma**, Resident of Sharma Lane, Main Road, Opp. G.E.L. Church VTC Ranchi G.P.O. & PO Ranchi Sub District Ranchi, District Ranchi, Jharkhand 834001, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-

1. That I am Indian citizen by birth and resident of above said mentioned address.
2. That correct and actual Date of Birth is 31.12.1995.
3. That my earlier name was Disha Mewara D/o Dinesh Mewara, and my address was 43, Bansidhar Adukiya, Near Brahman Dharmsala, Upper Bazar, PO Ranchi, G.P.O., P.S. Kotwali, Dist. Ranchi, Jharkhand.
4. That after my marriage my title has been changed and my name is Disha Sharma.
5. That my marriage date is 17.01.2024.
6. That from today I will be known as **Disha Sharma** in place of **Disha Mewara** every where for all purpose.

**Affidavite No.-21/01.04.2024**


**गड़बड़ी**

### आपूर्ति पदाधिकारी जीतेंद्र व गोदाम प्रबंधक राजेश को अतिरिक्त प्रभार मिला है

# प्रत्येक कार्ड से एक-दो किलो की कटौती करते हैं डीलर

**संवाददाता। गारू (लातेहार)**

गारू में राशन का हेराफेरी का धंधा बहुत फल फूल रहा है. बताते चलें कि गारू व सरयू प्रखंड का संयुक्त रूप से गोदाम गारू में है. आपूर्ति पदाधिकारी जीतेन्द्र पाठक और गोदाम प्रबंधक राजेश कुमार (दोनों जनसेवक) को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. इनके द्वारा यहीं से समस्त गांव के डीलरों को राशन उपलब्ध कराया जाता है. लोगों का कहना है कि जबसे इन दोनों जनसेवकों को एमओ और एजीएम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, तब से स्थानीय डीलर भी एक-दो किलोग्राम राशन की कटौती कर रहे हैं. धांगरटोला



पंचायत के डीलर उमेश प्रसाद खुद एजीएम की कुर्सी में बैठकर अन्य डीलर को राशन देते हैं.

सूत्रों की मानें तो बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन से दिन में दो-दो बार राशन का उठाव कर बाहर सप्लाई किया जा रहा है. गारू में कई निजी दुकानों में 30 से 32 रुपये किलोग्राम सरकारी चावल का वितरण खुलेआम किया जा रहा है. वहीं इस मामले में गोदाम प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि आपको हमसे कोई दिक्कत है तो आइये बैठकर मामला खत्म करते हैं. वहीं प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी जीतेन्द्र पाठक ने कहा कि एजीएम 20 मिनट के लिए बाहर गया था. इसलिए दे रहे थे. इस मामले पर लातेहार डीएसओ रश्मि लकड़ा ने कहा कि गोदाम की जिम्मेदारी गोदाम प्रबंधक की होती है. अगर उनके द्वारा किसी और को बैठाया गया होगा तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी. इस मामले में गारू जिप सदस्य जीरा देवी ने कहा कि प्रत्येक डीलरों के खिलाफ मुझे भी शिकायत मिल रही है कि दो-दो किलोग्राम राशन की कटौती डीलरों द्वारा की जा रही है. इस मामले में डीसी लातेहार को पत्राचार करेंगे.

### राशन हेराफेरी

- दिन में दो बार राशन का उठाव कर बाहर भेजा जाता है
- गोदाम की पूरी जिम्मेदारी गोदाम प्रबंधक की होती है

## लातेहार: एएसआई और मुंशी को भेजा गया समन

**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय, लातेहार के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने न्यायालय से परिवाद संख्या 14/2024 के तहत बुधवार को लातेहार थाना में कार्यरत एएसआई नागेश्वर महतो और मुंशी चिंटू कुमार पर संज्ञान लिया है. दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ समन निर्गत किया गया है. मामला बीते तीन जनवरी 2024 को लातेहार के थाना चौक पर बाइक चेकिंग के दौरान फरियादी प्रशांत उपाध्याय की बेरहमी से पिटाई करने से जुड़ा है. जिसकी शिकायत परिवादी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के यहां की थी. इस पर न्यायालय द्वारा जांच कर संज्ञान लिया गया. परिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता सह लातेहार बार एसो के संयुक्त सचिव लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने केस फाइल किया है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 ● वर्ष : 1, अंक : 346 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### 70 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर था विवाद, रकम चुकाने की जगह विधवा के बेटे को बंधक बना दबा दिया गला

# विधवा के मुंहबोले भाई ने कर दी 11 साल के मासूम बेटे की हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता | पुटकी

केंदुआडीह थाना के अलकुसा में 11 साल के बच्चे प्रिंस की गला दबा कर नृशंस तरीके से हत्या का मामला प्रकाश में आया है. वारदात को अंजाम देने में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें से एक आरोपी प्रिंस के घर का बेहद करीबी है. उसका प्रतिदिन प्रिंस के घर आना-जाना था. प्रिंस के पिता का देहांत तीन साल पूर्व हो चुका है. पिता की जगह पर उसकी मां गुड्डी देवी बीसीसीएल में कार्यरत है.


प्रिंस

प्रिंस गुड्डी देवी के छह बच्चों में इकलौता पुत्र व सबसे छोटा था. पुलिस वारदात के पीछे रुपये के लेनदेन की बात कह रही है. मामले को लेकर डीएसपी दीपक कुमार व केंदुआडीह थाना प्रभारी आरएन ठाकुर ने बताया कि गुरुवार को इस हत्याकांड में रोहित कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही उसके नाबालिग साथी को भी अभिरक्षा में लिया गया. दोनों ने प्रिंस की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है. गुरुवार को साढ़े 10 बजे बच्चे के शव बोरे में बंद मिला था. उसका हाथ पैर बंधा हुआ था और एक प्लास्टिक के बोरे में आरोपी रोहित के घर के पीछे बगान में झाड़ी के फेंका हुआ था.


हत्याकांड उद्भेदन

- वारदात को अंजाम देकर बोरे में लाश डाल झाड़ियों में फेंका
- हत्याकांड में नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

प्रिंस बुधवार की शाम तीन बजे से ही लापता था. रोहित ने पुलिस को बताया कि 70 हजार रुपये का लेनदेन को लेकर विवाद था. रकम देने को लेकर उस पर दबाव बनाया जा रहा था. इसी कारण गुस्से में आकर उसने प्रिंस को अपने घर पर बुलाया और फिर बाथरूम में बंधक बना कर रखा था, इसके बाद दोनों ने मिलकर उसकी गर्दन दबा कर हत्या कर. मौत के बाद उसके शव को ठिकाना लगाने की कोशिश की थी. लेकिन मौका नहीं मिलने पर आंगन के पीछे झाड़ियों में ही फेंक दिया था. इधर, प्रिंस की मां ने केंदुआडीह थाना में बच्चे के लापता होने की सूचना देकर रात भर अलकुसा, कुस्तौर, बीएनआर, नेहरू पार्क गोपालीचक, बांसजोड़ा यज्ञ स्थल पर जाकर खोजबीन की.

गुरुवार को थाना में लिखित आवेदन देने पहुंचे, तब शव मिलने की खबर थाना प्रभारी को मिली. प्रिंस का परिवार मूलतः देवरिया (यूपी) के कंसिया थाना क्षेत्र के भरौली का रहनेवाला है. प्रिंस के पिता रामाज्ञा हरिजन अलकुसा में बीसीसीएल कर्मी थे. तीन वर्ष पूर्व उनकी मृत्यु हो गयी थी. छह माह पूर्व ही पति के स्थान पर गुड्डी देवी ने गोपालीचक में जेनरल मजदूर के पद पर ज्वाइन किया था. एक साल पूर्व गुड्डी की विवाहित पुत्री संध्या ने महिला समिति से 90 हजार का ऋण लिया था, जिसे रोहित ने एक निजी प्राइवेट कंपनी में जमा करा दिया. पैसा वापस करने के लिए सभी रोहित पर लगातार दबाव बनाए हुए थे. प्रिंस और आरोपी के परिवारों में करीब 10 वर्षों से काफी मेल मिलाप भी था. गुड्डी देवी आरोपी रोहित को अपना भाई मानती थी.

## ज्योति हत्याकांड : दो मुख्य शूटर गिरफ्तार

संवाददाता | चांडिल

- निशानदेही पर एक पिस्तौल व एक खोला बरामद
- पति समेत चार को पूर्व में जेल भेज चुकी है पुलिस

जमशेदपुर के सोनारी स्थित आस्था हाई टेक सिटी निवासी ज्योति अग्रवाल की गोली मारकर हत्या करने वाले दो मुख्य शूटरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार राजवाड़ ने इसकी जानकारी दी. कांड में फरार मुख्य शूटर विशाल प्रसाद उर्फ विशाल कालिंदी और प्रकाश उर्फ बांदा उर्फ शंकर देवगम को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरसत में भेज दिया है.

दोनों जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित बाबुडीह लाल भट्टा निवासी हैं. इनकी गिरफ्तारी पश्चिम सिंहभूम जिला के मझगांव गडकेशना जंगल से बुधवार दोपहर बाद की गई. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक पिस्तौल व एक खोखा पुलिस ने बरामद किया है. इसके अलावा दो स्मार्टफोन जब्त किया गया है. मुख्य शूटर को गिरफ्तार करने वाले दल में चांडिल एसडीपीओ के अलावा चांडिल अंचल इंस्पेक्टर अजय कुमार, चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार, ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, कपाली ओपी प्रभारी सोनु कुमार, आमदा ओपी प्रभारी अविनाश कुमार, चांडिल थाना के दारोगा नवल



### 29 मार्च की देर शाम गोली मार कर हुई थी हत्या

चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कांदरवेडा व वेब इंटरनेशनल होटल के बीच टाटा-रांची एनएच 33 के किनारे बीते 29 मार्च की देर शाम कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मृतिका के पति रवि अग्रवाल के अलावा पंकज कुमार सहनी, रोहित कुमार दुबे और मुकेश मिश्रा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है.

### ब्रीफ खबरें

#### दुमका से नलिन व गिरिडीह से मथुरा झामुमो प्रत्याशी

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झामुमो ने राज्य की दो लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है. इस कड़ी में दुमका दुमका लोकसभा सीट से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है. पार्टी ने कहा है कि अन्य लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों की सूची जल्द ही घोषित कर दी जाएगी. बता दें कि भाजपा ने दुमका लोकसभा सीट से सीता सोरेन को टिकट दिया है.

#### 2.32 लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त किया

**चांडिल।** बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरायकेला-खरसावां की पुलिस-प्रशासन एक्शन मोड में है. इस कड़ी में बुधवार रात चांडिल एसडीओ शुभ्रा रानी ने डीएमओ ज्योति शंकर सतपथी और चांडिल एसडीपीओ सुनील कुमार रजवाड़ के साथ ईचागढ़ व तिरुलडीह थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के गौरांगकोचा में एक स्थान पर लगभग दो लाख सीएफटी और एक स्थान पर 32 हजार सीएफटी बालू भंडारित किया हुआ मिला.


#### सीए सुमन कुमार को मिली नियमित जमानत

**रांची/नयी दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अदालत ने गुरुवार को सुमन को नियमित जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. अदालत ने जमानत के लिए कुछ शर्तें भी लगायी हैं, जिसका उन्हें पालन करना होगा.

### लॉटरी के अवैध कारोबार पर चला कानून का डंडा

# रेलकर्मी समेत दो गिरफ्तार

**कोयलांचल के झरिया सहित अलग-अलग इलाकों में चल रहे लॉटरी के अवैध कारोबार को लेकर 'शुभम संदेश' लगातार खबर प्रकाशित कर रहा है. इसको लेकर पुलिस भी सजग हो गई है और कारोबारियों के खिलाफ एक्शन मोड में है. इस कड़ी में तीन दिन पूर्व ही भौंरा के रेलवे क्वार्टर से अवैध लॉटरी कारोबार के संचालन की खबर 'शुभम संदेश' ने प्रकाशित की थी. खबर प्रकाशन के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है.**


अवैध लॉटरी का कारोबार 22

रिजवान शम्स | धनबाद

धनबाद में अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ 'शुभम संदेश' की मुहिम के 21वें एपीसोड में भौंरा रेलवे क्वार्टर से लॉटरी कारोबार की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी. खबर पर संज्ञान लेते हुए सुदामडीह पुलिस ने उक्त क्वार्टर में दबिश दी. बीती बुधवार देर रात छापेमारी में वहां से करीब ढाई हजार लॉटरी के टिकट बरामद हुए हैं. साथ ही दो लोगों को दबोचने में कामयाबी मिली है.

दोनों से पूछताछ के बाद खुलासा हुआ कि उक्त लॉटरी झरिया के कुख्यात लॉटरी कारोबारी समीर अहमद के ब्रांड की है. समीर के खिलाफ 15 दिनों में लगातार तीसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है. भौंरा में हुई इस छापेमारी में गिरफ्तार दो लोगों को पुलिस ने जेल भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में रेलकर्मी रविशंकर प्रसाद और विवेकानंद सुपकार बताया जा रहा है.

पूछताछ में बताया कि झरिया उपर कुल्ही के रहने वाले समीर अहमद से लॉटरी टिकट खरीदता था और पिछले दो-तीन सालों से यहां से कारोबार कर रहा था. उसने ये भी खुलासा किया कि बंगाल की डुप्लिकेट लॉटरी छपवा कर यहां बेचने का काम किया जाता है. पुलिस ने इस बयान के आधार पर पुलिस ने भादवि की धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत केस दर्ज किया गया है. कांड में समीर के अलावा तनवीर को भी नामजद आरोपी बनाया गया है.

### भोजूडीह तक सक्रिय हैं समीर के लॉटरी हॉकर

होली के बाद से लॉटरी कारोबार में एक फिर सक्रियता बढ़ी है. खासकर समीर के ब्रांड की लॉटरी भौंरा, सुदामडीह, सिंदरी, बलियापुर और झरिया आदि इलाकों में खूब बेची जा रही है. ये सूचना पुलिस तक भी पहुंची. इसके बाद एक्शन लिया गया. इस मामले में भोजूडीह से लेकर रिवर साइड तक के कई कारोबारियों की सूचना पुलिस तक पहुंची है. इनमें मोहन बाजार में आशीष, गौरखुंटी में अजय व विक्की, मोहन बाजार घड़ी दुकान में बसंत, भोजूडीह में सपन और विक्की, गौरखुंटी में रमेश आदि लोग लॉटरी का जमकर कारोबार कर रहे हैं. इन इलाकों में मजदूरों और बीसीसीएल कर्मियों को निशाना बनाया जाता है. ये सारे लोग झरिया के समीर से नकली लॉटरी खरीदते हैं और फिर विभिन्न इलाकों में सप्लाई कराते हैं.


समीर अहमद



- समीर के ब्रांड की लॉटरी जब्त, तीन अन्य भी नामजद
- **कुख्यात लॉटरी माफिया समीर पर तीसरी प्राथमिकी**
- भौंरा के रेलवे क्वार्टर से 25000 नकली टिकट जब्त

### पिछले दो-तीन सालों से चल रहा था कारोबार

इस मामले को लेकर सुदामडीह प्रभारी सूरज रजक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है. उन्होंने बताया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि भौंरा के क्वार्टर में लॉटरी कारोबार चलने की सूचना पर टीम बना कर छापेमारी की गई. इस क्रम में दो लोगों को दबोचा गया, जबकि दो अन्य फरार होने में सफल रहे. पकड़े गए आरोपियों में रविशंकर प्रसाद और विवेकानंद सुपकार शामिल है. इन दोनों के पास से 50 रुपये वाले 1500 लॉटरी टिकट, 100 वाले 700 लॉटरी टिकट और 200 रुपये वाले 300 लॉटरी टिकट बरामद किए गए हैं.


रविशंकर प्रसाद

## हेमंत सोरेन को बोका समझती थी भाजपा : कल्पना सोरेन

- हेमंत को गरीबों को लिए काम करने की चाहत की मिली सजा
- हजारीबाग में मना झामुमो का 45वां स्थापना दिवस कार्यक्रम

संवाददाता | रांची/हजारीबाग

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि सजा सिर्फ हेमंत जी को इसलिए मिली, क्योंकि वो अपने गरीब जनता के लिए काम करना चाहते थे. उनके सारे कार्यक्रम जनकल्याण के लिए होते थे. कोई भी वर्ग हो, हेमंत जी ने योजनाओं की लड़ी लगा दी है. वह गुरुवार को हजारीबाग में झामुमो के 45वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रही थीं.

उन्होंने कहा कि ये जो केंद्र में तानाशाह लोग बैठे हैं, उनको कभी पसंद नहीं आता है कि कोई आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, वंचित समाज का बेटा आगे बढ़े. इन लोगों को बर्दाश्त नहीं होता है. झारखंड मे सबसे ज्यादा भाजपा ने शासन किया है. आज जब एक आदिवासी मुख्यमंत्री बन गया और झारखंड की जनता के लिए काम करने लगा तो ये लोग सोचने लगे कि ये तो बोका है. इससे कुछ नहीं होगा.



### हर पल साथ हूं : चंपाई

**रांची।** हजारीबाग में झामुमो के 45वें स्थापना दिवस पर सीएम चंपाई सोरेन शिरकत नहीं कर पाए. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य कारणों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण मौके पर आपके साथ नहीं हूं, लेकिन वहां न होते हुए भी, हर पल आपके साथ हूं. झारखंड राज्य आंदोलन के समय से ही हजारीबाग झामुमो का एक प्रमुख गढ़ रहा है और आज उस दौर की कई खट्टी-मीठी बातें याद आ रही है. इस माटी और यहां के लोगों ने हमेशा ही हमारी पार्टी को सहयोग एवं समर्थन दिया है.

## घूस लेते राजस्व कर्मी व पंचायत सेवक धराया

### एसीबी की अलग-अलग टीम ने पलामू व चतरा में की कार्रवाई

संवाददाता | मेदिनीनगर/चतरा

एसीबी ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए दो सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. पहली कार्रवाई में पलामू के पाटन ब्लॉक से एक राजस्व उप निरीक्षक परवेज आलम को सात हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा है. जानकारी के मुताबिक, नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरैया खुर्द निवासी वादी नूर आलम ने लेयाकत हुसैन से 5.90 डिसमिल जमीन खरीदी थी. इसके दाखिल खारिज के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था. वादी ने दाखिल खारिज में विलंब होने पर राजस्व कर्मचारी परवेज से संपर्क किया, तो उसने इस एवज में बतौर सात हजार रुपये घूस की मांग की गई. इसके बाद वादी ने मामले की शिकायत पलामू एसीबी थाना में की थी. सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतराई गांव निवासी राजस्व कर्मचारी परवेज आलम को गिरफ्तार किया. दूसरी ओर चतरा में पांच हजार रुपये रिश्वत लेते दारियातू पंचायत सेवक अजय साव को गिरफ्तार किया गया है. हजारीबाग एसीबी की टीम ने चतरा पोस्ट ऑफिस के नजदीक उसे गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अजय साव दरियातू और लम्हे का पंचायत सेवक है. 15वें वित्त के सड़क निर्माण से जुड़े मामले में रिश्वत लेने के दौरान उसे रंगे हाथों पकड़ा.



परवेज आलम व अजय साव.

### भाजपा नेता के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा निवासी भाजपा के नेता जगजीत सिंह सोनू के खिलाफ गोलमुरी थाने में दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. 46 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज कराया है. पीड़िता ने टाटा मोटर्स प्लांट का अस्थाई कर्मचारी जगजीत सिंह सोनू ने उउससे दो किस्त में एक लाख रुपया नगद लिए थे. रुपये मांगने पर 18 मार्च को उसने भुइयांडीह श्मशान घाट के पास होटल में बुलाया. वहां तीन चेक दिए और कोल्ड ड्रिंक पिलाया. इसके बाद बेहोशी की हालत में सोनू ने उससे दुष्कर्म किया.

## दो लाख का इनामी बिमलेश गिरफ्तार

### गुमला में छिप कर रह रहा था बिहार का कुख्यात अपराधी

संवाददाता | गुमला

गुमला पुलिस ने बिहार के कुख्यात अपराधी बिमलेश यादव को गिरफ्तार किया है. जिले के एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुरुवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गुमला शहर से धर दबोचा. वह नाम बदलकर गुमला शहर में किराये के मकान में रह रहा था. यादव बिहार के गया, जहानाबाद, पटना इलाके में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था. उसने दो दर्जन से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया है. झारखंड में भी वह अपने आपराधिक गिरोह का विस्तार करने की योजना बना रहा था और इसी मकसद से गुमला में छिपकर रह रहा था.



गुमला शहर में ही छुप कर रह रहा था गुमला के आरक्षी अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार का कुख्यात अपराधी बिमलेश यादव गुमला शहर में ही छुपकर व पहचान छुपा कर रह रहा है. इसके बाद एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया. पुलिस टीम ने रणनीति के तहत अपराधी बिमलेश की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि बिमलेश यादव बिहार में एक आपराधिक गिरोह चलाता था. गिरोह में शामिल अपराधियों के जरिए व्यवसायियों - ठेकेदारों से रंगदारी वसूली तो कराता ही था. गिरोह के जरिए उसने बिहार और झारखंड में भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलाया था.

**चिंता की बात**

### दिनों दिन घटता जा रहा है तोपचांची झील का जलस्तर, अब महज 48 फीट बचा हुआ है पानी

# और 20 फीट तक की जा सकती है पानी की आपूर्ति

- करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद नहीं सुधरी झील की सेहत
- मई-जून माह में दर्जन भर इलाकों को हो सकता है जलसंकट

अक्षय चौबे | तोपचांची

अप्रैल माह में बढ़ती तपिश के बीच अंग्रेजों द्वारा बनाई गई तोपचांची झील का जलस्तर दिनों दिन घटता ही जा रहा है. यहां से कतरास के दर्जन भर इलाकों में पानी की आपूर्ति होती है और लाखों लोगों की प्यास बुझाने का तोपचांची झील एकमात्र साधन है. लेकिन झील के रख-रखाव में लापरवाही के कारण अक्सर भीषण गर्मी के समय कतरास कोयलांचल के उन क्षेत्रों में जलसंकट हो जाता है.

इस बार भी भीषण गर्मी रिकार्ड तोड़ सकती है. ऐसे में यदि समय पर तोपचांची झील को ध्यान नहीं दिया गया, तो जलसंकट भी तय है. तोपचांची झील की देखरेख का जिम्मा झमाडा के कंधे पर है. झमाडा ने वर्षा जल संरक्षण के लिए तोपचांची झील के आसपास मिट्टी कटाई की थी, मिट्टी कटाई पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए. बावजूद इसके झील की स्थिति में बहुत सुधार नहीं देखने को मिला है. फिलहाल भीषण गर्मी भी नहीं पड़ी है और झील का पानी तलहटी के करीब हो चला है. झमाडा के अनुसार, झील में मात्र 48 फीट पानी बचा है. 28 फिट पानी बचने पर पानी की आपूर्ति बंद करनी पड़ेगी. अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही झील का जलस्तर इतना नीचे आना चिंता का विषय है. इसका सीधा असर कतरास व आसपास के इलाकों की जलापूर्ति पर पड़ेगा. तोपचांची झील से तिलाटांड़, तेतुलमारी, सिजुआ, अंगारपथरा, कतरास, चैतुडीह, लकड़का आदि इलाके में पानी की आपूर्ति की जाती है.

**हर दिन कम हो रहा जलस्तर :** तोपचांची झील से प्रतिदिन करीब 12.8 इंच पानी की आपूर्ति हो रही है. झील में पारसनाथ पहाड़ी से 18 रास्तों के जरिए पानी आता है, लेकिन दो को छोड़ कर सभी रास्ते बंद हो चुके है. विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. ढोलकट्टा नाले में कई जगहों पर अवरोध होने के कारण पूरा पानी झील तक नहीं पहुंच पा रहा है. इस कारण यहां प्रतिदिन जलस्तर में गिरावट देखने को मिल रही है. झमाडा कर्मी के अनुसार, झील में अभी 48 फीट पानी है. 20 फीट पानी तक और आपूर्ति की जाएगी. क्योंकि 28 फीट तक पानी पहुंचने के बाद जलस्तर तलहटी में चला जाता है और पानी की आपूर्ति करने में काफी परेशानी होती है.



### जलस्तर कम होने के ये हैं कारण

- झील के 18 उन जलस्रोतों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे झील को पानी मिलता है. उसकी साफ-सफाई नहीं की गई. न ही उन स्रोतों को ठीक किया गया. इस कारण झील के कई जलस्रोत बंद हो गए. जलस्रोतों के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. ऐसे में जब झील में पानी के स्रोत ही बंद हो जाएंगे तो जलस्तर का नीचे जाना तय है.
- झील के 6.3 किलोमीटर परिधि में ट्रेंच कटिंग की व्यवस्था थी. कई जलस्रोतों का धार बदल दिया गया. जलस्रोत के मार्ग में चेकडैम का निर्माण करा दिया गया है, इस कारण पानी झील में नहीं आकर तालाब और नदी में चला जा रहा है. इस कारण भी झील में पानी की कमी हो रही है. कुछ लोग निजी खेतों में भी झील के जलस्रोत का पानी लिया जा रहा है.

## गया से कोलकाता जा रही बस से 1.09 करोड़ नकद बरामद

संवाददाता | रांची

चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही देशभर में चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है. इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी जारी है. इसी कड़ी में बीती देर रात गिरिडीह पुलिस ने गया से कोलकाता जा रही महारानी बस से 1.09 करोड़ बरामद किए हैं. दरअसल, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि गया से कोलकाता जाने वाली महारानी बस में कुछ लोग काफी मात्रा में कैश लेकर जा रहे हैं.

सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने बगोदर के औरा में बस की जांच की. इस दौरान पुलिस वे तीन लोगों को बड़ी रकम के साथ पकड़ा. इनमें से दो लोगों के पास से 67 लाख और एक के पास करीब 42.5 लाख रुपये यानी कुल 1.09 करोड़ बरामद किए गए. तीनों लोगों से बरामद पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है. इस संबंध में एसपी ने कहा कि पैसे कहां से उठाए गए थे और कहां ले जाने की तैयारी थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं, इन सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है. आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दी जाएगी. उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार रुपये से अधिक नगद ले जाने पर प्रतिबंध है.



## ब्रीफ खबरें

### केरेडारी सीएचसी में प्याऊ जल की व्यवस्था

**केरेडारी ।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा गर्मी को देखते हुए केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रखंड मुख्यालय में प्याऊ जल की व्यवस्था की गयी. जल की व्यवस्था होने से दूर दराज से आने वाले सभी राहगीरों को ठंडक पानी से प्यास बुझाने का सौभाग्य होगा. इस मौके पर केरेडारी उप प्रमुख अमेरिका महतो और आजसू प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो ने एनटीपीसी केरेडारी परियोजना को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया.

### सीबी सिंह के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**हज़ारीबाग ।** जिला परिषद के जिला अभियंता 57 वर्षीय चंद्र भूषण सिंह उर्फ सीबी सिंह (लाला बाबू) का गुरुवार को निधन हो गया. अपने पैतृक गांव में गुरुवार को सदर प्रखंड स्थित हुटपा पंचायत के ग्राम बानाहप्पा में अंतिम सांस ली. सीबी सिंह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे. वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री छोड़कर गोलोक चले गए. सीबी सिंह सामाजिक और धार्मिक मामलों में रूचि लेते थे. वे सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे. भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है. आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की.

### माह ए रमजान का अंतिम जुमा आज

**चौपारण ।** चौपारण प्रखंड के पांच दर्जन से अधिक मस्जिदों में माह-ए-रमजान के अंतिम जुमा यानी अलविदा की नमाज आज अदा की जाएगी. मिली जानकारी के मुताबिक प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में लगभग दोपहर 12:30 से 2:30 बजे के बीच अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी. मस्जिदों में अलविदाई खुतबा होगा. नमाज अदा करने के बाद खुसूसी दुआ मांगी जाएगी. इस दौरान मस्जिदों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मस्जिद कमेटियों की ओर से दरी, चटाई, शामियाना, पानी आदि के इंतजाम भी किए गए हैं.

### डोमचांच प्रखंड क्षेत्र में महुआ शराब बरामद

**कोडरमा ।** लोक सभा आम चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन ने अवैध शराब अड्डों पर छापा मारा. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, कोडरमा के निर्देशानुसार अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-दो, कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत सपही एवं पारहो तथा कोडरमा थानान्तर्गत निरो पहाड़ी में स्थित अवैध शराब अड्डों पर विभिन्न स्थानों में छापामारी की गई. छापामारी में कुल 90 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया.

### पुलिस ने नौ बोल्डर लदे हाइवा किया जब्त

**मरकच्चो ।** कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के आदेशानुसार नवलशाही थाना प्रभारी नितेश कुमार ने गुरुवार अहले सुबह नवलशाही थाना भवन के समीप वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान ओवरलोड बोल्डर लदा तीन हाइवा जब्त किया. जानकारी के अनुसार उक्त हाइवा घोरथंबा की ओर से बोल्डर लोड कर आ रहा था. पुलिस ने रोक कर इसकी जांच की. पुलिस ने सभी हाइवा चालक से बोल्डर से सबंधित कागजात मांगे. चालक ने कागज प्रस्तुत नहीं किये. इस पर पुलिस हाइवा को कब्जे में लेते हुए कार्रवाई के लिए थाना ले आई.

### हिन्दू राष्ट्र संघ नारी शक्ति का विस्तार

**हजारीबाग ।** हिन्दू राष्ट्र संघ नारी शक्ति की एक बैठक बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर में प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में पूरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का निर्माण किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से सोनी केसरी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया. तत्पश्चात कमेटी का विस्तार किया गया. इसमें महासचिव सुमन केशरी को, उपाध्यक्ष रीना देवी को, सचिव जलसा राय को और सह सचिव सरिता राणा और किरण कुमारी को बनाया गया. वहीं कोषाध्यक्ष मनसा देवी को, सूचना प्रभारी चंदा गिरी को और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पिंकी राणा को बनाया गया.

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग में बिहेवियरल साइंस विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# न्यूरोट्रांसमीटर की भूमिका पर विस्तार से हुई चर्चा

**संवाददाता । हजारीबाग**



विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग एवं इंडियन स्कूल ऑफ साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को न्यूरोट्रांसमीटरस इन मेंटल हेल्थ एंड बिहेवियरल साइंस विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता मिडलैंड रीजनल फॉरेंसिक सर्विसेज वेंकटू हॉस्पिटल, हैमिल्टन, न्यूजीलैंड के डॉ रविंद्र भगत ने विस्तार से विषय पर समग्रात्मक एवं सारगर्भित व्याख्यान दिए. विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से गुणात्मक ढंग से अपने ज्ञान व अनुभव को सरल व सहज ढंग से इन्होंने प्रस्तुत किया. अपने व्याख्यान में डॉ भगत ने मानव व्यवहार एवं अनुभव में न्यूरोट्रांसमीटर की भूमिका की चर्चा की. न्यूरोट्रांसमीटर के विभिन्न आयाम, कार्य करने के तरीकों, विविध प्रकारों यथा सेरोटोनिन, डोपामिन, ग्लूटामैट और अन्य के बारे में अपने ज्ञान व अनुभव को उन्होंने साझा किया. रासायनिक सिनिस्टिक ट्रांसमिशन की प्रक्रिया से न्यूरोट्रांसमीटर्स कैसे कार्य करता है, उसके बारे में भी विस्तार से उन्होंने वर्णन किया. न्यूरोट्रांसमीटर के महत्व की भी उन्होंने चर्चा की. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे. डॉ भगत ने सभी प्रश्नों को बड़े ही धैर्य के साथ और उत्साह के साथ विद्यार्थियों को समझाया.

**दिये व्याख्यान**

- न्यूरोट्रांसमीटर के महत्व पर भी चर्चा की गई
- डॉ रविंद्र भगत ने विस्तार से विषय के बारे में बताया

# रेन्बो स्कूल बरही में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**संवाददाता । बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में शैक्षिक सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ. परीक्षा परिणाम को लेकर स्कूल के विद्यार्थी एवं अभिभावक बहुत उत्साहित थे. वार्षिक परिणाम सुनकर बच्चे काफी खुश हुए, क्योंकि वह अगली कक्षा में बढ़ गए. वहीं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया.

पुरस्कृत होने वाले बच्चों में प्री नर्सरी से इशिका कुमारी, नर्सरी से मेहनूर फातिमा, एलकेजी से आर्यन कुमार पंडित, यूकेजी से अंजली कुमारी, पहली कक्षा से चंदन कुमार पंडित, दूसरी कक्षा से पम्मी कुमारी, तीसरी कक्षा से तौशीफ अहमद, चौथी कक्षा से दीपसिखा कुमारी, छठवीं कक्षा से नुजहत प्रवीण, कक्षा सांतवी से आरती कुमारी, आंठवी कक्षा से रूपेश व कक्षा नवमी से डब्लू कुमार थे. देशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कहा कि जिन बच्चों ने कक्षा में स्थान प्राप्त नहीं किया उनको निराश होने की जरूरत नहीं है.

### आयुक्त ने कोडरमा में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

# मतदान केंद्रों पर अस्थाई शेड लगाएं: सुमन किस्पोट्टा

**संवाददाता । कोडरमा**



लोकसभा चुनाव को लेकर आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, शौचालय और शौचालय में रनिंग वाटर की व्यवस्था, पंख की व्यवस्था, पोलिंग पार्टी की रूकने और बैठने की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैप व व्हील चेयर की व्यवस्था आदि चीजों की जानकारी ली. आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर मतदाता के बारे में जानकारी ली.

मतदान करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए हर तरह से तैयारी करने को कहा. उन्होंने दिव्यांग व 85 वर्ष से ऊपर वाले मतदाताओं के बारे में जानकारी ली. आयुक्त ने कहा कि पोलिंग पार्टी और मतदाताओं की सुविधा के लिए स्वच्छ शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करें. शौचालय की दीवार पर पुरुष एवं महिला अंकित करें. शौचालय के रास्तों में साइनेज लगवाने के अलावा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें. मतदान केंद्रों पर आवश्यकतानुसार अस्थाई शेड लगाएं. इस दौरान आयुक्त ने चंदवारा प्रखंड के आरएमएम हाईस्कूल के मतदान केंद्र संख्या 190, 191, 192 , 193, 194 ,195 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 08 और कोडरमा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च प्लस टू उच्च विद्यालय मेघातरी के मतदान केंद्र संख्या 174,175 , उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती के मतदान केंद्र संख्या 235 व 236 का निरीक्षण किया. वहीं आयुक्त ने मेघातरी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. वाहनों की जांच करने वाले पंजी का अवलोकन किया. उन्होंने कहा कि हर छोटे-बड़े वाहनों का नियमित रूप से जांच करें. चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली.

### 25787 मतदाता हजारीबाग और 15803 मतदाता कोडरमा लोस में करेंगे मतदान

**टाटीझरिया ।** हजारीबाग जिला अंतर्गत 2008 में सृजित टाटीझरिया प्रखंड के वोटर दो एमपी और दो एमएलए का चुनाव करते हैं. कहीं-कहीं तो स्थिति यह है कि 25-30 फीट चौड़ी सड़क की दो बाजुओं में रहने वाले लोग अलग-अलग संसदीय सीट के लिए वोट डालते हैं. इस प्रखंड में कुल 8 पंचायतें हैं. इनमें से पांच पंचायतें हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में हैं, तो तीन पंचायत कोडरमा संसदीय क्षेत्र में. डुमर, धरमपुर, टाटीझरिया, डहरभंगा और बेडम पंचायत के लोग हजारीबाग का सांसद चुनने के लिए वोट डालते हैं, जबकि खैरा, झरपो और भराजो पंचायत के लोग कोडरमा संसदीय सीट के लिए मताधिकार का इस्तेमाल करते हैं. यहां रोजी-रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है. दो-दो संसदीय व विधानसभा क्षेत्र के सांसदों व विधायकों का थोडा-थोडा क्षेत्र होने के कारण यहां उनकी कृपा भी थोडी-थोडी ही बरस पाती है. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाली पांच पंचायतों में 25787 मतदाता हैं, इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 12466 व 13321 पुरुष मतदाता हैं. वहीं कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पडने वाली तीन पंचायतों में 15803 मतदाता हैं. इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 7624 व 8179 पुरुष मतदाता हैं.

# सिविल कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ

**संवाददाता । हजारीबाग**




सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्याय सदन भवन में गुरुवार को एक समारोह का आयोजन किया गया. आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिविल कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाना था. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा, कुटुंब न्यायाधीश संजीव दास और बार संघ अध्यक्ष राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया.

इस मौके पर सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारी, हजारीबाग बार संघ के कार्यकारिणी सदस्य और सभी सिविल कोर्ट कर्मचारी मौजूद थे. कार्यक्रम में प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सभी के सहयोग से ही न्याय प्रशासन की कार्रवाई आगे बढ़ती है. इसमें सभी का अहम योगदान है. उन्होंने इस सहयोगात्मक रवैया को आगे बढ़ाते हुए सभी से लंबित वादों के त्वरित निष्पादन की अपील भी की. उन्होंने कहा कि जो नए कानून में बदलाव आए हैं, उस पर तैयारी करते हुए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा. कहा कि सिविल कोर्ट को इस मुकाम तक पहुंचने वाले सभी लोगों के प्रति वे अपना आभार प्रकट करते हैं. कहा कि समयाभाव और संसाधनों की कमी के कारण वैसे अधिवक्ता या वैसे कर्मचारी जिन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने का मौका नहीं मिला, उनके प्रति भी वह अपना आभार प्रकट करते हैं.

### आजसू पार्टी की ग्राम स्तरीय बैठक 13 को

**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की हज़ारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन 13 अप्रैल को स्थानीय शिवम बैंक्वेट, हरनगंज में आयोजित की गई है. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी होंगे. उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस, पूर्व मंत्री उमाकान्त रज़क, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी, मौलाना नज़रुल हसन हाशमी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी सहित कई केन्द्रीय नेता शामिल होंगे.

# लोस चुनाव को लेकर दिया गया पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण



**संवाददाता । हजारीबाग**

स्थानीय नगर भवन में गुरुवार को पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ. इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर विष्णुगढ़, टाटीझरिया, पदमा और चुरचू के सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर बीएलओ के कार्य एवं दायित्व के साथ-साथ एएसडी मतदाताओं की परिभाषा एवं एएसडी सूची का महत्व, बूथ जागरुकता ग्रुप का गठन-भूमिकाएं, एवीएससी एवं एवीपीडी और पोस्टल वैलेट-होम वोटिंग और मतदाता पर्ची के वितरण के बारे में गहन जानकारी दी गई. उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया ने सभी बीएलओ को अपने दायित्वों एवं कार्यों का निर्वहन सही तरीके से करने का निर्देश दिया. इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया के अलावा डीएलओ निर्भय कुमार और हजारीबाग डीटीओ भी उपस्थित थे. धीरज कुमार, अनिल पांडेय, देवकांत शर्मा और राकेश रंजन जैसे मास्टर प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया.

# आदिवासियों की हितैषी है भाजपा

**संवाददाता । हजारीबाग**



लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिले के दिगवार, हथमारा स्थित रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय सभागार में भाजपा का आदिवासी मिलन समारोह का आयोजित हुआ. इसका नेतृत्व शंकर करमाली ने किया. जिसमें विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल, भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए. समारोह का शुभारंभ मां भारती, पार्टी के प्रेरक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पार्पण और माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया. राष्ट्रिय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गान हुआ.

जिसके बाद शंकर सहित अन्य नेताओं ने एक एक करके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र ओढ़ाकर और फूल माला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व सम्मान किया.

इससे पूर्व सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का पार्टी कार्यालय परिसर पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से नगाड़े की थाप और थिरकते हुए आदिवासी समाज के महिला- पुरुषों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. मौके पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि आदिवासियों की एकमात्र है हितैषी भाजपा पार्टी रही है. अटल बिहारी बाजपेयी ने झारखंड राज्य अलग होने का सपना साकार किया तो नरेंद्र मोदी ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाकर आपके सम्मान को बढ़ाया. कहा कि आप आशीर्वाद दें कि हम शेड्यूल एरिया का निर्धारित पंचायत वार कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे. भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि जनजातीय समाज के सच्चे हितैषी भाजपा. उन्होंने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने की अपील की. आदिवासी नेता शंकर करमाली ने कहा कि आदिवासी समाज भाजपा प्रत्याशी के साथ है. मनीष को सांसद बनाकर दिल्ली भेजने के लिए हम सभी कृतसंकल्पित हैं.

### हजारीबाग डीसी ने किया मेडिकल टीम का गठन

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव में नियुक्त मतदान कर्मियों ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर चुनाव कार्य से छुट्टी का आवेदन दिया है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने मतदान कार्य से विमुक्ति आवेदनों की जांच के लिए जिला स्तर पर मेडिकल टीम का गठन किया है. इस टीम में डॉ संजय कुमार राजन, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डॉ सुभाष प्रसाद चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर प्रखंड, डॉ राहुल कुमार चिकित्सा पदाधिकारी अनुमंडल अस्पताल बरही, संप्रति केंद्रीय कारा, डॉ मयंक प्रताप चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल एवं डॉ ज्योति कुमारी चिकित्सा पदाधिकारी परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग को शामिल किया गया है. मेडिकल टीम आठ से 10 अप्रैल तक 11:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 से अपराह्न तक नए समाहरणालय भवन में कमरा संख्या बी 008 में संबंधित कार्य निष्पादित करेगी.

# फर्जी निकासी मामले में लोकपाल के आदेश के बाद भी नहीं हुई जांच

**संवाददाता । हजारीबाग**

कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां पंचायत में मनरेगा योजना के तहत वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना में बिना काम कराए राशि की निकासी मामले में मनरेगा लोकपाल ने जांच के आदेश दिये थे. लेकिन उनके आदेश का भी पालन नहीं किया गया. आदेश के बावजूद आज तक जांच नहीं हुई. जबकि उन्होंने कटकमदाग बीडीओ एकता वर्मा को पत्र देकर वास्तविक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा था.

उन्होंने इसके लिए 23 मार्च तक जांच रिपोर्ट देने को कहा था. लेकिन अब एक पखवाड़ा बीतने को है, बावजूद अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपा गया है. इस संबंध में मनरेगा लोकपाल तपेश्वर कुमार ने कहा कि निर्धारित समय पर जांच रिपोर्ट नहीं आना सरकारी आदेश का अवहेलना है. जांच रिपोर्ट देने में जानबूझकर कर देर किया जा रहा है. इससे स्पष्ट होता है कि इस योजना में गड़बड़ी हुई है. वहीं इससे पहले कटकमदाग बीडीओ ने मुखिया, पंचायत सचिव, जेई और रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण पूछते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी गई थी. उन्होंने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत कुमार, पंचायत सचिव कृष्ण कुमार और दिव्या कुमारी को जांच टीम में शामिल किया था. बीडीओ ने गठित जांच टीम को स्थल का जांच करते हुए निर्धारित समय के अंदर जांच रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था. लेकिन इन सभी कर्मियों ने बीडीओ के आदेश का पालन नहीं किया. बताया जाता है कि सोशल ऑडिट की जनसुनवाई के दौरान यह मामला प्रकाश में आया था.

सोशल आडिट टीम ने जब योजना स्थल पहुंच कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तो वहां पर खेल मैदान के समतलीकरण का काम किये जाने का कोई पहचान नहीं मिला. उक्त भूमि पहले जैसा ही उबड़ खाबड़ दिखाई दे रहा था. हैरानी की बात है कि बगैर मापी पुस्तिका और मस्टर रोल के 27 हजार 300 रुपया की अवैध निकासी कर ली गई. जबकि मनरेगा योजना मे काम शुरू होने के पहले जीओ टेग और फिर पैसा भुगतान करने के समय जीओ टेग, मस्टर रोल और जेई के द्वारा मापी पुस्तिका उपलब्ध कराने के बाद ही मजदूर के खाते में पैसा भेजा जाता है.

**जांच रिपोर्ट**

- बीडीओ को जांच प्रतिवेदन 23 मार्च तक जमा करना था
- तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया गया था

**साईं बाबा**

### आज साईं कथा का कार्यक्रम व कल विशाल भजन संध्या और भंडारा होगा

# साईं लीला महानाट्य शुरू, निकाली गयी शोभायात्रा

**संवाददाता । हजारीबाग**



कानी बाजार के मुनका बगीचा में साईं बाबा की महासमाधि के अवसर पर साई कथा के साथ-साथ साईं लीला महानाट्य की शुरूआत हो गयी. बता दें कि साईं भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा शिर्डी से आये साईं कथा भजन और भंडारा के साथ झांकी का विशेष आयोजन किया जा रहा है.

जारीबाग के तमाम श्रद्धालुओं से इसमें सम्मिलित होने की अपील की गई है. साईं परिवार द्वारा गुरुवार की सुबह आठ बजे नगर भ्रमण किया गया, जो मुनक्का बगीचा से महावीर स्थान चौक, पंच मन्दिर चौक, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा होते हुए पुनः मुनका बगीचा कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रद्धालु पहुंचे. शुक्रवार को साईं कथा का कार्यक्रम और शनिवार को विशाल भजन संध्या और भंडारा का आयोजन किया जायेगा. साईं लीला महानाट्य का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरु हो गया है. प्रवचन के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कश्यप, सुशील जायसवाल, राकेश सिन्हा, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, बल्ली गुप्ता, गौतम किशोर, गौतम कुमार, कृष्णा पाण्डेय सहित समस्त साई परिवार के सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं. कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र सबों को दिया जा चुका है. कई अधिकारी व समाजसेवी को भी निमंत्रण पत्र दिया गया है. वाहन से भी लगातार प्रचार किया जा रहा है.

**भजन भंडारा**

- प्रवचन के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण होगा
- गुरुवार की सुबह आठ बजे नगर भ्रमण किया गया
- कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र सभी को दिया जा चुका है

# संकटमोचन मंदिर अखाड़ा के अध्यक्ष बने सुमित कुमार



**संवाददाता । विष्णुगढ़**

हॉस्पिटल चौक स्थित संकट मोचन मंदिर में बुधवार को राम भक्तों की बैठक हुई. गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के मौके पर झांकी निकालने का निर्णय हुआ. आहूत बैठक में सुमित कुमार को संकट मोचन अखाड़े का अध्यक्ष मनोनीत किया गया. वहीं राजू श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, चांद कुमार मिश्रा को सचिव और दीपू अकेला को कोषाध्यक्ष नामजद किया गया. इसके अलावा अरविंद लहकार, विपिन कुमार सिंह, महेंद्र ठाकुर, बंटी, डब्लू, मुन्ना, अरुण कुमार, विवेक मिश्रा, अंकित मिश्रा, राजकुमार, संदीप कुमार, राहुल कुमार, प्रकाश यादव, राजन सिंह, अभिषेक कुमार, गुड्डू कुमार, अमन कुमार, चंद्रिका साव उर्फ टार्जन, मुकेश सिंह तथा वीरेंद्र वर्णवाल को कमेटी में जगह दी गई है. बैठक की अध्यक्षता राजू श्रीवास्तव ने की.

## सदाचार की ताबीज

कानून की हुक्मरानी के बगैर कोई भी लोकतंत्र जीवंत नहीं रह सकता. लोकतंत्र की जीवतंता के लिए संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता, स्वतंत्रता और पारदर्शिता भी जरूरी है. इसके साथ ही कानून की राह में राजनीतिक नियंत्रण, निर्देशन और प्रेरणा की बाधामुक्ति भी अनिवार्य है. यानी लोकतंत्र को यदि पराभव से रोकना है तो यह जरूरी है कि राजनीतिक दलबदल के लिए एजेंसियों का इस्तेमाल हर कीमत पर रुके. भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहते हैं. सत्ता का खेल जो विद्रूपता दिखा दे, वह कम ही है. सत्ता केंद्रित राजनीति ने भ्रष्टाचार और पाक-साफ होने की अपनी-अपनी परिभाषा गढ़ ली है. कल तक विपक्ष में जो नेता दागदार होते थे, सत्तारूढ़.दल में शामिल होने के बाद कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं. सफाई की इस कार्रवाई में निगरानी करने वाली संवैधानिक एजेंसियों की खामोशी भी विचलित करती है. ऐसे तमाम सवाल इस देश के नागरिकों को उद्वेलित करते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है. विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को दाग धोने वाली वॉशिंग मशीन बना लिया गया है, जिसके चलते नियामक संस्थाओं से ड्राइक्लीनिंग की चिट हासिल हो जाती है. विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दर्शाती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है. इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है. दलील दी जा रही है कि जांच बंद नहीं हुई है, आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी. यूं तो जब ये नेता विपक्ष में होते हैं और जांच एजेंसियां उन पर कार्रवाई करती हैं तो सत्तारूढ़ दल की दलील होती है कि कानून अपना काम करता है. इन मामलों के अलावे कुछ अन्य मामले राज्यों से जुड़े हैं, जहां पुलिस और भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी की भूमिकाओं को ले कर भी सवाल हैं. विपक्षी नेताओं का आरोप रहता है कि यह प्रक्रिया तभी तक चलती है, जब तक यह राजनीति से प्रेरित न हो. उल्लेखनीय है कि भाजपा में जो पच्चीस राजनेता शामिल हुए हैं, उनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं, जिसमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, समाजवादी पार्टी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं. विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिए राहतकारी साबित हुआ है. वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े बीस मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं. उससे विपक्ष के आरोपों की पुष्टि होती है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह के रूप में की जाती रही है. यही वजह है कि दल बदलने का फैसला राहत का रास्ता मान लिया जाता है. ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं?

> **उल्लेखनीय है कि भाजपा में जो पच्चीस राजनेता शामिल हुए हैं, उनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं, जिसमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, समाजवादी पार्टी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं.**

### सुभाषित

**स्वदेशं पतितं कष्टे, दूरस्था लोकयन्ति ये।**
**नैव च प्रतीकुर्वन्ति, ते नराः शत्रुनन्दनाः।।**

जब देश संकट में पड़ा हो तो, जो उदासीन भाव से दूर खड़े होकर केवल देखते रहते हैं और कोई भी प्रतिकार नहीं करते, ऐसे व्यक्ति अथवा समूह, शत्रु को आनन्द देने वाले होते हैं और अपने देश के साथ ही समाज के लिए भी अहितकर हैं. वैसे लोगों का जीवन निरर्थक है.

# गैर-बराबरी का समंदर और भारत का भविष्य

**चांसेल के पिछले अध्ययन के अनुरूप ही ताजा शोध पत्र भी इस निष्कर्ष पर है कि (देश के) सकल धन के नजरिए से देखा जाए, तो कहा जाएगा कि भारत का इनकम टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है. शोध पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत में आर्थिक डेटा की गुणवत्ता खराब है. इसमें हाल के वर्षों में और गिरावट आई है. पत्र में कहा गया है- "अतः यह संभव है कि ये नए अनुमान गैर-बराबरी की स्थिति को उससे कहीं कम बता रहे हों, जितनी यह असल में है."**



• देश-काल



सत्येंद्र रंजन

"भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और साथ ही सबसे ज्यादा विषम भी. हमारे ताजा पेपर (शोध पत्र) के मुताबिक पिछले एक दशक में आबादी के टॉप एक फीसदी हिस्से का धन तेजी से बढ़ा है, जबकि नीचे की आधी आबादी का हिस्सा बेहद कम बना हुआ है. अच्छे दिन आए हैं, लेकिन अधिकांशतः ऐसा धनी लोगों के लिए ही हुआ है."“भारत में तेजी से बढ़ती गैर बराबरी के बीच अगले महीने आम चुनाव होंगे. हमारे ताजा पेपर के मुताबिक टॉप की एक फीसदी आबादी का धन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. अरबपति राज का आगमन हो चुका है."“नरेंद्र मोदी ने भारत में गैर-बराबरी बढ़ने की रफ्तार तेज कर दी है. साथ ही उन्होंने लोकतांत्रिक पड़ताल के लिए आवश्यक डेटा को खत्म कर दिया है. अब हम फिर से टुकड़ों को जोड़ कर ये कहानी सामने रख रहे हैं." ये तमाम टिप्पणियां फ्रांस के अर्थशास्त्री लुकस चांसेल की हैं. चांसेल ने ये बातें भारत में आर्थिक गैर-बराबरी के बारे में अपने ताजा अध्ययन पत्र को जारी करते हुए कहीं. यह अध्ययन पत्र भारत में हो रहे आम चुनाव के मौके पर जारी किया गया है. चांसेल पेरिस स्थित संस्था 'स्कूल फॉर एडवांस्ड स्टडीज फॉर सोशल साइंसेज' से जुड़े हुए हैं. लेकिन दुनिया भर में उनकी शोहरत 'इनइक्वैलिटी लैब' के लिए किए गए उनके अध्ययनों के कारण है. इनइक्वैलिटी लैब के साथ मशहूर अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी का नाम जुड़ा हुआ है. पिकेटी पहली बार चर्चा में 2013 में आए, जब उनकी पहली किताब कैपिटल ऑफ इन द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी प्रकाशित हुई थी. यह वह समय था, जब 2008 की वैश्विक मंदी के क्रम में दुनिया भर में आर्थिक गैर-बराबरी का सवाल प्रमुख मुद्दा बना हुआ था. अमेरिका में हुए ओकुपाई वॉल स्ट्रीट आंदोलन ने एक प्रतिशत बनाम 99 प्रतिशत की बहस छेड़ी थी. आक्युपायी आंदोलन यूरोप में भी फैल गया था. इन आंदोलनों ने यह विमर्श खड़ा किया कि कैसे नव-उदारवादी दौर में पैदा हो रहे धन का सबसे बड़ा हिस्सा टॉप एक फीसदी आबादी के हाथों में सिमट रहा है.
पिकेटी का योगदान यह रहा कि उन्होंने इस अनुभवजन्य बहस को ग्राफ और सारणियों के माध्यम से पेश किए गए आंकड़ों और तथ्यों के जरिए एक ठोस आधार प्रदान कर दिया. पिकेटी ने अपनी किताब में आर>जी की थ्योरी की व्याख्या की. इसके जरिए उन्होंने बताया कि जब संपत्तियों और निवेश पर रिटर्न (यानी मुनाफा) ग्रोथ (आर्थिक वृद्धि) से अधिक हो जाता है, तो धनवान लोगों की संपत्ति और बढ़ती चली जाती है. जाहिर है, ऐसा बहुसंख्यक आम आबादी की कीमत पर होता है. भारत में आजादी के बाद से 1980 के दशक तक गैर-बराबरी में कमी आई. उसके बाद इसमें फिर बढ़ोतरी शुरू हुई, जो 21वीं सदी के पहले दशक के आरंभिक वर्षों से बहुत तीव्र गति से बढ़ने लगी. धन संकेंद्रण के लिहाज से 2014-15 और 2022-23 के बीच गैर-बराबरी में हुई वृद्धि खास ध्यान खींचती है. 2022-23 तक देश की कुल आमदनी और धन का क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत हिस्सा टॉप एक फीसदी आबादी के हिस्से में जा चुका है. भारत दुनिया के उन देशों में पहुंच गया है, जहां टॉप एक फीसदी आबादी की आमदनी का स्तर सबसे ऊंचा है. इस मामले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है. (यानी भारत में उन देशों की तुलना में भी अधिक गैर-बराबरी हो चुकी है.)
चांसेल के पिछले अध्ययन के अनुरूप ही ताजा शोध पत्र भी इस निष्कर्ष पर है कि (देश के) सकल धन के नजरिए से देखा जाए, तो कहा जाएगा कि भारत का इनकम टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है. शोध पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत में आर्थिक डेटा की गुणवत्ता खराब है. इसमें हाल के वर्षों में और गिरावट आई है. पत्र में कहा गया है- "अतः यह संभव है कि ये नए अनुमान गैर-बराबरी की स्थिति को उससे कहीं कम बता रहे हों, जितनी यह असल में है." इन निष्कर्षों के आधार पर शोध पत्र में कुछ सुझाव भी दिए गए हैं. कहा गया है कि आय एवं धन दोनों मोर्चों पर टैक्स संहिता का ढांचा फिर से तैयार किए जाने की जरूरत है, ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में व्यापक सार्वजनिक निवेश हो सके. इस संदर्भ में शोध पत्र में देश के सबसे धनी 167 परिवारों पर दो फीसदी का सुपर टैक्स लगाने का सुझाव दिया गया है. कहा गया है कि उससे राष्ट्रीय आय के 0.5 प्रतिशत हिस्से के बराबर का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, जिससे सरकार उपरोक्त मदों में निवेश करने के अधिक योग्य हो सकेगी.
अगर विभिन्न देशों के आंकड़ों पर गौर करें, तो सामने यह आता है कि वहां धन की जितनी विषमता है, आय की विषमता उससे काफी कम है. यहां तक कि स्कैंडिनेवियन देशों की भी इस मामले में बदसूरत तस्वीर उभरती है, जबकि आम तौर पर उन देशों को सोशल डेमोक्रेटिक और अधिक समान माना जाता है. इन देशों में स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड शामिल हैं. दुनिया भर का अनुभव यह है कि पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में धन से धन पैदा होता है. धनी लोगों के पास अपनी जमीन, जायदाद, संपत्ति, निवेश आदि से किराया कमाने की सुविधा बनी रहती है, जिस कारण वे लोग हमेशा नुकसान में रहते हैं, जिनके पास आर्थिक उपार्जन का एकमात्र स्रोत अपनी हुनर और मेहनत है. इसी हकीकत को ध्यान में रखते हुए ब्रिटिश अर्थशास्त्री माइकल रॉबर्ट्स ने कहा है- 'टैक्स और विनियमन के जरिए आय की गैर-बराबरी घटाने की नीतियां ज्यादा प्रभावशाली नहीं होंगी. यहां तक कि ऐसा श्रमिकों का वेतन भी बढ़ा कर नहीं किया जा सकता है. ऐसा तब तक नहीं होगा, जब तक धन की असमानता का ऊंचा स्तर बना रहेगा. धन की विषमता का कारण है उत्पादन के साधनों और वित्त का कुछ हाथों में संकेंद्रण. अगर स्वामित्व के ढांचा को जैसे को तैसा बने रहने दिया जाता है तो फिर धन पर टैक्स लगाने से भी (गैर-बराबरी दूर करने का) मकसद हासिल नहीं होगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सुख बनाम दुःख

बचपन में एक चुटकला सुना था, लोग रेल यात्रा कर रहे थे. एक व्यक्ति खड़ा हुआ और खिड़की खोल दी, थोडी ही देर में दूसरा यात्री उठा और उसने खिड़की बंद कर दी. पहले को उसका यह बंद करना नागवार गुजरा और उठ कर खिड़की पुनः खोल दी. एक बंद करता दूसरा खोल देता. नाटक शुरू हो गया. यात्रियों का मनोरंजन हो रहा था, लेकिन अंततः सभी तंग आ गये. टीटी को बुलाया गया. टीटी ने पूछा- महाशय ! यह क्या कर रहे हो? क्यों बार बार खोल-बंद कर रहे हो? पहला यात्री बोला- क्यों न खोलूं , मैं गर्मी से परेशान हूं, खिड़की खुली ही रहनी चाहिए. टी टी ने दूसरे यात्री को कहा- भाई आपको क्या आपत्ति है, अगर खिड़की खुली रहे. इस पर दूसरे यात्री ने कहा, मुझे ठंड लग रही है, मुझे ठंड सहन नहीं होती. टीटी बेचारा परेशान, एक को गर्मी लग रही है तो दूसरे को ठंड. टीटी यह सोचकर खिड़की के पास गया कि कोई बीच का रास्ता निकल आए. उसने देखा और मुस्करा दिया. खिड़की में शीशा था ही नहीं. वहां तो मात्र फ्रेम थी. वह बोला- कैसी गर्मी या कैसी ठंडी? यहां तो शीशा ही गायब है, आप दोनों तो मात्र फ्रेम को ही ऊपर नीचे कर रहे हो. वस्तुतः दोनों यात्री न तो गर्मी और न ही ठंड से परेशान थे. वे परेशान थे तो मात्र अपने अभिमान से. अपने अहं पोषण में लिप्त थे, गर्मी या ठंड का अस्तित्व ही नहीं था. अधिकांश कलह मात्र इसलिए होते हैं कि अहंकार को चोट पहुंचती है और आदमी को सबसे ज्यादा आनंद दूसरे के अहंकार को चोट पहुंचाने में आता है. साथ ही सबसे ज्यादा क्रोध अपने अहंकार पर चोट लगने से होता है. जो दूसरो के अहंकार को चोट पहुंचाने में सफ़ल होता है, वह मान लेता है कि उसने बहुत ही बड़ा गढ़ जीत लिया. वह यह मानकर चलता है कि दूसरों के स्वाभिमान की रेखा को काटपीट कर ही वह सम्मानित बन सकता है, किन्तु परिणाम अज्ञानता भरी शर्म से अधिक कुछ नहीं होता. अधिकांश लड़ाइयों के पीछे कारण एक छोटा सा अहम् ही होता है और यही अहम् कभी न कभी दुःख का कारण बनता है. अहम् के चलते दूसरों को दुःख पहुंचा कर सुख की अनुभूति करनेवाले अगर अपनी प्रवृत्ति पर अंकुश लगायें तो संभव है, उनके पास वैसा दुःख नहीं आ सकता. दूसरों के दुःख दूर करने पर जो सुख मिलता है, वह अलौकिक सुख है.

## केजरीवाल के बाद अब ईडी के निशाने पर केरल

• सियासत

पी. श्रीकुमारन

प्रवर्तन निदेशालय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और आप के अन्य नेताओं के खिलाफ अपनी कार्रवाई के बाद, जिसे वह एक 'सफल' अभियान मानता है, ने अब केरल पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं. लेकिन केंद्रीय जांच एजंसी को पता होना चाहिए कि केरल एक अलग चाय का प्याला है. उत्तर भारतीय राज्य में उसने जो रणनीति सफलतापूर्वक अपनाई है वह केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नहीं चलेगी. एजेंसी ने केरल के खिलाफ अपने अभियान में जो नवीनतम कदम उठाया है, वह मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी टी. वीणा की कंपनी से जुड़े कथित मासिक भुगतान विवाद के संबंध में जांच रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करना है. ईसीआईआर एजेंसी की कोच्चि इकाई द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दायर किया गया है. यह कार्रवाई अगस्त 2003 में आयकर अंतरिम निपटान बोर्ड (आईटीएसआईबी) की एक रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें कहा गया था कि उनकी कंपनी, एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को कोच्चि स्थित कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड से मासिक भुगतान के रूप में 1.72 करोड़ रुपये मिले थे. सीएमआरएल, हालांकि बदले में दी गई किसी भी सेवा का कोई सुबूत नहीं था. मासिक भुगतान मामले में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसआईएफओ) द्वारा जांच चल रही है. वीणा के अलावा, सीएमआरएल और केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम (केएसआईडीसी) की भूमिका की भी जांच की जा रही है, जिसके पास सीएमआरएल में 13.4 प्रतिशत शेयर हैं. यह उल्लेख किया जा सकता है कि फरवरी में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कंपनी के मामलों में एसएफआईओ द्वारा जांच का आदेश देने में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की कार्रवाई को चुनौती देने वाली एक्सालॉजिक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था. ईडी का नवीनतम कदम एलडीएफ सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के आदेश पर उसके पिछले प्रयासों की निराशाजनक विफलता की पृष्ठभूमि में आया है. न केवल इस तरह के दुस्साहस विफल हो गये, बल्कि लोगों ने सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ को 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में बड़े बहुमत के साथ सत्ता में वापस लाकर एलडीएफ सरकार के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट (यूडीएफ) के अभियान का करारा जवाब दिया. निन्दा का अभियान स्पष्ट रूप से मतदान के रुझान पर कोई प्रभाव डालने में विफल रहा. मुख्यमंत्री की बेटी और सीपीआई (एम) केंद्रीय समिति के सदस्य थॉमस इसाक के खिलाफ ईडी के नवीनतम कदम का समय महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहा है. यह और कुछ नहीं, बल्कि घबराई हुई मोदी सरकार का एक हताश कदम है, जो चुनावी बॉण्ड मामले में हुए खुलासों के प्रतिकूल प्रभाव से जूझ रही है. लोगों का ध्यान मुद्दे से भटकाने के लिए ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है. भगवा खेमा स्पष्ट रूप से सोचता है कि इस तरह के कदमों से उसे भरपूर चुनावी लाभ मिलेगा. लेकिन अगर वह ऐसा सोचता है तो यह आत्मसंतुष्टि की झूठी भावना में खोना होगा. कुछ भी हो, इस दुस्साहस का संघ परिवार और मोदी सरकार पर बुरा प्रभाव पड़ने वाला है. संकेत पहले से ही मौजूद हैं. अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने कहा कि ईडी का कदम केरल में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन की मदद करने के लिए है, जो पिनाराई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. गोविंदन ने कहा, ईडी भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विपक्षी नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज कर रही है. पिछले विधानसभा चुनाव में भी केंद्र सरकार ने ईडी और अन्य जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया था. गोविंदन ने गैर-भाजपा नेताओं के खिलाफ ईडी की छापेमारी पर कांग्रेस की आलोचना की. उन्होंने कहा कि पार्टी तभी प्रतिक्रिया देती है, जब ईडी कांग्रेस नेताओं के पीछे जाती है. एक बात की भविष्यवाणी निश्चितता के साथ की जा सकती है.

> **मासिक भुगतान मामले में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसआईएफओ) द्वारा जांच चल रही है. वीणा के अलावा, सीएमआरएल और केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम (केएसआईडीसी) की भूमिका की भी जांच की जा रही है, जिसके पास सीएमआरएल में 13.4 प्रतिशत शेयर हैं.**

## नियमित श्रमिकों की वास्तविक कमाई में कमी

• श्रम-बल

ललित

भारत में नियमित श्रमिकों और स्व-रोजगार में लगे लोगों की 'वास्तविक कमाई' में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है. यह खुलासा अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) ने अपनी नई 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' में किया है. गौरतलब है कि यह रिपोर्ट सरकारी आंकड़ों पर आधारित है. इसमें वास्तविक कमाई का आकलन महंगाई (मुद्रास्फीति) के आधार पर किया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, साल दर साल नियमित कर्मचारियों के औसत मासिक 'वास्तविक कमाई में गिरावट आई है. आंकड़ों के मुताबिक 2012 में उनका औसत मासिक कमाई 12,100 रुपए थी, जो सालाना 1.2 फीसदी की गिरावट के साथ 2019 में घटकर 11,155 रुपए प्रतिमाह रह गई. इसी तरह 2022 में यह आंकड़ा 0.7 फीसदी की गिरावट के साथ घटकर 10,925 रुपए मासिक रह गया. रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि स्व-रोजगार में लगे लोग जो कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा है, उनकी कमाई भी घटी है. आंकड़ों के मुताबिक स्व-रोजगार में लगे व्यक्तियों की वास्तविक कमाई में भी सालाना 0.8 फीसदी की गिरावट आई है, जो 2019 में करीब 7,017 रुपए प्रतिमाह से घटकर 2022 में करीब 6,843 रुपए प्रतिमाह रह गई. हालांकि, इसके विपरीत आकस्मिक श्रमिकों के मामले में एक अलग प्रवृत्ति सामने आई है. पिछले दशक के दौरान उनकी वास्तविक कमाई बढ़ी है. रिपोर्ट के अनुसार 2012 में जहां इन श्रमिकों की औसत मासिक वास्तविक आय 3,701 रुपए थी, जो सालाना 2.4 फीसदी की वृद्धि के साथ 2019 में बढ़कर 4,364 रुपए प्रतिमाह हो गई. इसी तरह 2022 में उनकी वास्तविक आय मासिक 4,712 रुपए दर्ज की गई. रिपोर्ट का कहना है कि ₹नियमित कर्मचारियों और स्व-रोजगार में लगे लोगों की घटती कमाई के साथ ही आकस्मिक श्रमिकों की आय में हुई मामूली वृद्धि इस ओर इशारा करती है कि 2000 से 2022 के बीच पैदा हुई नौकरियों की गुणवत्ता खराब थी. रिपोर्ट में इस बात का भी विश्लेषण किया गया है कि क्या भारत में श्रमिकों को उनके कौशल के आधार पर केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन मिल रहा है. इसके मुताबिक श्रमिकों के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से आकस्मिक श्रमिकों को, न्यूनतम वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा. राष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में 40.8 फीसदी नियमित श्रमिकों और 51.9 फीसदी आकस्मिक श्रमिकों को उतना मेहनताना भी नहीं मिल रहा जितना उस क्षेत्र में किसी अकुशल श्रमिकों के लिए हर दिन का कम से कम तय किया गया है. ये आंकड़े 2022 के लिए किए गए पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे पर आधारित हैं. रिपोर्ट में निर्माण क्षेत्र में लगे श्रमिकों की कमाई पर भी प्रकाश डाला है. इसके मुताबिक इस क्षेत्र से जुड़े 39.3 फीसदी नियमित कर्मचारियों और 69.5 फीसदी आकस्मिक श्रमिकों को क्षेत्र में अकुशल श्रमिकों के लिए रोजाना के हिसाब से निर्धारित औसत न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल रहा है. दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपनी नई रिपोर्ट में वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों के बीच मौजूद खाई को उजागर किया है. रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी 67 फीसदी है. इसके बावजूद उन्हें पुरुषों की तुलना में 24 फीसदी कम वेतन से संतोष करना पड़ता है. 'फेयर शेयर फॉर हेल्थ एंड केयर' नामक यह रिपोर्ट 12 मार्च, 2024 को जारी की गई है. रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि यदि निम्न या मध्यम आय वाले देशों में महिलाओं को भी पुरुषों के समान वेतन मिलता है तो उनकी वित्तीय स्थिति में नौ लाख करोड़ डॉलर का सुधार देखने को मिल सकता है. वेतन में व्याप्त यह अंतर महिलाओं को अपने परिवारों और समुदायों में निवेश करने से रोकता है, जहां आम तौर पर इसके पुनर्निवेश की सम्भावना होती है. रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि जहां वैश्विक स्तर पर, महिलाएं अपनी कमाई का 90 फीसदी हिस्सा अपने परिवार के कल्याण पर खर्च करती हैं, वहीं पुरुषों में यह आंकड़ा केवल 30 से 40 फीसदी ही है.रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि महिलाओं का निर्णय लेने वाले पदों पर पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है. हालांकि नर्सों और दाइयों के रूप में अधिकांश बागडोर महिलाओं के हाथ में है, लेकिन नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व कम है. इसी तरह चिकित्सा विशषज्ञों के मामले में भी पुरुषों का दबदबा है.

> **'फेयर शेयर फॉर हेल्थ एंड केयर' नामक यह रिपोर्ट 12 मार्च, 2024 को जारी की गई है. रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि यदि निम्न या मध्यम आय वाले देशों में महिलाओं को भी पुरुषों के समान वेतन मिलता है तो उनकी वित्तीय स्थिति में नौ लाख करोड़ डॉलर का सुधार देखने को मिल सकता है.**

### मीडिया में अन्यत्र

## गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ने चाहिए

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कच्चतीवु के विवादास्पद मामले को दोबारा उभार कर चुनावी लाभ के लिए किसी मुद्दे के राजनीतिकरण का एक अस्वस्थ चलन शुरू किया है और इसका असर श्रीलंका के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है. मोदी ने 31 मार्च को 'एक्स' पर कहा कि "नये तथ्य उजागर करते हैं कि कांग्रेस ने किस निर्ममता से कच्चतीवु को दे दिया". वैसे तो तमिलनाडु के अन्य दलों की तरह राज्य भाजपा भी इस द्वीप को दोबारा हासिल करने की बात करती रही है, लेकिन जब उसके राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी यही राग अलापना शुरू किया है तो स्थिति जटिल हो गयी है. कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार की तरह, भाजपा-नीत एनडीए शासन ने भी इस छोटे द्वीप को श्रीलंका के हिस्से के रूप में देखा है. वर्ष 2022 में, विदेश मंत्रालय ने राज्यसभा को जानकारी दी, "कच्चतीवु भारत-श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा [आईएमबीएल] के श्रीलंकाई हिस्से की तरफ पड़ता है". वर्ष 2013 में, यूपीए शासन ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इस द्वीप को दोबारा हासिल करने का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि भारत का कोई भी क्षेत्र श्रीलंका को नहीं दिया गया था. उसकी दलील थी कि यह छोटा द्वीप ब्रिटिश भारत और सीलोन के बीच विवाद का विषय था और तब कोई सहमतिपूर्ण सीमा रेखा नहीं थी. सीमा मामले का निपटारा 1974 और 1976 के समझौतों के जरिए हुआ, जिसके फलस्वरूप आईएमबीएल सामने आयी. मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ ही समय बाद, मद्रास हाईकोर्ट में विदेश मंत्रालय के एक हलफनामे में कहा गया कि कच्चतीवु पर संप्रभुता 'निपटाया जा चुका मामला' है. लेकिन मौजूदा सरकार संसद को यह भी बताती रही है कि इस छोटे द्वीप से जुड़ा मामला न्यायाधीन है, क्योंकि यह सुप्रीम कोर्ट के समक्ष है. अभी विवाद की जड़ में यह है कि क्या कांग्रेस, जवाहरलाल नेहरू या इंदिरा गांधी के अधीन, इस मामले से 'निर्ममतापूर्वक' पेश आयी थी. भाजपा के राज्य अध्यक्ष के. अन्नामलाई के सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में मिले दस्तावेज को उजागर करते हैं कि 1974 और 1976 के समझौतों से पहले, भारतीय नेतृत्व ने यह माना था कि इस क्षेत्र पर उसका मजबूत दावा नहीं है, हालांकि यह इलाका 1803 से रामनाथपुरम के राजा की जमींदारी का हिस्सा था. 'द हिंदू' (मार्च 1972) में छपी एक रिपोर्ट कहती है कि सालाना चर्च उत्सव "90 साल पहले" शुरू हुआ. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## वारंटी/गारंटी

**इन** दिनों राजनीति में गारंटी शब्द अत्यधिक प्रचलित हो चुका है. शीर्ष स्तर के राजनेता ऊंची आवाज में मतदाताओं को गारंटियां दे रहे हैं. जब गारंटी की बात उठती है तो फिल्म नीलकमल के इस गाने की याद आती है-खाली डब्बा, खाली बोतल ले ले मेरे यार, खाली से मत नफरत करना खाली सब संसार. खाली की गारंटी दूंगा भरे हुए की क्या गारंटी.....! इसके समान अर्थ रखने वाला दूसरा शब्द है वारंटी. सामान्यतः दोनों के बीच समानता यह है एक कंपनी या दुकानदार अपने उत्पाद के लिए ग्राहक को आश्वस्त करता कि हमारा सामान खरीदिए. इस अवधि तक चकाचक रहेगा. नहीं रहा तो हमारी जिम्मेदारी. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार गारंटी और वारंटी दोनों अंग्रेजी मूल के संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द हैं. गारंटी का मतलब है आश्वासन, जमानत. उसी प्रकार वारंटी का मतलब है संपत्ति, सामान या सेवाओं की विशेषताओं या गुणवत्ता के बारे में विक्रेता या पट्टेदार द्वारा किया गया वादा या गारंटी. विक्रेता की ओर से किसी ग्राहक को दी जाने वाली एक विशेष छूट जिसमें किसी उत्पाद के खराब होने की दशा में दुकानदार/कम्पनी द्वारा उसी उत्पाद को ठीक कराकर दिया जाता है, उसे वारंटी कहा जाता है, परंतु यदि कोई उत्पाद निर्धारित अवधि में खराब हो जाता है, तो दुकानदार उसे बदलकर देने के लिए बाध्य होता है, तो उसे गारंटी कहा जाता है. वारंटी एक निश्चित समय के लिए होती है, परंतु इसकी समय सीमा को थोड़ा आगे बढाया जा सकता है. गारंटी भी एक निश्चित समय सीमा के लिए ही होती है और इसकी अवधि को आगे नहीं बढाया जा सकता. लगभग हर उत्पाद पर आपको एक निश्चित वारंटी दी जाती है, परंतु गारंटी केवल कुछ उत्पादों पर ही होती है. इस तरह आप कह सकते हैं कि वारंटी का दायरा बड़ा होता है. अधिकतर वारंटी की अवधि गारंटी की अवधि से बड़ी होती है. अर्थात वारंटी ज्यादा समय के लिए दी जाती है.

## बयानबाजी और दाढ़ी के बीच संबंध

• तीर-तुक्का

जय प्रकाश पाण्डेय



आजकल दाढ़ी वाले जो बयानबाजी करते हैं, क्लीनशेव वाले उसकी हंसी उड़ाते हैं. इन दिनों दाढ़ी वाले बाबा और दाढ़ी वाले नेताओं के बड़े जलवे हैं. कुछ दाढ़ी वाले जेल में ऐश कर रहे हैं, पर बयानबाजी नहीं कर पा रहे हैं और कुछ दाढ़ी वाले बाबा मंत्री पद पाकर खूब बयान दे रहे हैं और सर्किट हाउस पर कब्जा किये हुए हैं. बात दाढ़ी पर चली है तो दाढ़ी रखना हर कोई थोड़े रख सकता है. दाढ़ी रखना भी एक कला है जो हर किसी के बस की बात नहीं. गंगू को देखो, खुद दाढ़ी रखता नहीं, पर दाढ़ी पर खूब बतकही कर लेता है और दाढ़ी सेट करने में उसकी मास्टरी है. कोई भी दाढ़ी सेट कराने आता है तो गंगू पहले अंदर वाले कमरे में दाढ़ी वालों की तस्वीरें दिखाता है- ये देखो माल्या कट, ये मोदी कट, ये राहुल कट, ये है फ्रेंच कट, ये रही अमित कट, जे है पहलवान कट, लेनिन कट, मौलवी कट, नेता कट, चन्द्र शेखर कट और ये लैला मजनू कट....... . सबसे ज्यादा रेट ₹एम कट₹ के चल रहे हैं. गंगू की बयानबाजी गजब की रहती है कहता है कि दाढ़ी रखने से आदमी महान बनता है. जो लोग सफेद फक दाढ़ी रखते हैं, वे बयानबाजी में तेज होते हैं. झटके मारके बाजी मार लेते हैं. जिनकी दाढ़ी नहीं उगती वे समाज में शंका की निगाहों से देखे जाते हैं. उनको टिकट भी नहीं मिलती और वे बयानबाजी भी नहीं कर पाते. दाढ़ी वाले मंत्री अब अपने साथ दाढ़ी गार्ड रखते हैं. दाढ़ी गार्ड मंत्री की दाढ़ी पर नजर रखते हैं, क्योंकि यदि बयानबाजी करते समय विपक्ष को दाढ़ी में तिनका दिख गया तो विरोधी चिल्लाने लगते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका'....... . कई लोग इसलिए दाढ़ी बढ़ाते हैं कि सिर्फ वे दाढ़ी के कारण पहचाने जाते हैं. कई दाढ़ी वाले नेता बयानबाजी करते समय दाढ़ी के बाल नोचने लगते हैं और कई जुएं पकड़ने लगते हैं. जिनकी धर्मपत्नी दाढ़ी से नफरत करती हैं वे दाढ़ी वाले से दूर दूर रहना पसंद करतीं हैं. दाढ़ी गड़ती भी है और फंसती भी है. एक पत्रकार ने एक मंत्री से दाढ़ी रखने का कारण पूछा तो दाढ़ी वाले ने रेडीमेड उत्तर दिया - ₹दाढ़ी तो पुरुषों की खेती है जब चाहे बढ़ा लो जब चाहे कटवा लो₹ पत्रकार ने अगला सवाल पूछा - आखिर आपको दाढ़ी से इतना लगाव क्यों है ? तो मंत्री जी ने कहा - दाढ़ी डराने के काम भी आती है और खुजाने में मजा देती है......सर दाढ़ी पर और कोई बयान आपका? जिस दिन हम हार जाएंगे बनारस के पंडे से दाढ़ी कटवा के हिमालय भाग जाएंगे.

# धर्म अध्यात्म



रूणा रश्मि 'दीप्त

*व्रत एक कठिन प्रतिज्ञा है जिसमें हम अपने इंद्रियों को वश में करने का प्रयास करते हैं. अपनी इच्छित वस्तु को त्यागना या किसी विशेष चाहत की प्राप्ति के लिए, विशेष उद्देश्य के तहत दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करना व्रत के ही नियम है. अपने जीवन में हम अपने कार्य क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जब दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करते हैं तो हमारी उसी लगन और निष्ठा को व्रत की संज्ञा दी जा सकती है.*

## आंतरिक शक्तियां जागृत करता है व्रत



व्रत एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है भक्ति पूर्वक लिया गया संकल्प या प्रतिज्ञा. सामान्यतया व्रत को हम धार्मिक रंगरूप में ही देखते हैं. धार्मिक अनुष्ठानों के संग उपवास आदि की प्रक्रिया को व्रत की मान्यता दी जाती है. अपने मन की किसी विशिष्ट अभिलाषा के साथ ईश्वर से प्रार्थना करते हुए तथा उनसे वरदान प्राप्ति की कामना मन में लेकर ही सामान्यतया भक्तगण किसी प्रकार के व्रत का संकल्प लेते हैं. किन्तु व्रत का संबंध मात्र धार्मिक अनुष्ठानों और उपवास से ही नहीं है. मूलतः व्रत तो हमारे संयम और संकल्प युक्त आचरण को दर्शाने वाला शब्द है. हम जीवन में किसी भी प्रकार का संकल्प लेते हैं तो उसे व्रत की संज्ञा दे सकते हैं.

### भोजन पर संयम

मनुष्य के दैनिक व्यवहार में अनेकों आवश्यक तत्वों में से भोजन एक अति विशिष्ट तत्व है. भोजन हमारे स्वास्थ्य के लिए तो आवश्यक है ही, हमारी आत्म संतुष्टि के लिए भी और मन को आनंदित करने के लिए भी एक आवश्यक अवयव है. अपनी इसी विशिष्ट आवश्यकता को संयमित करते हुए, अपनी इच्छाओं पर प्रतिबंध लगाकर, अपनी लालसाओं को नियंत्रित करने की जो हमारी प्रक्रिया होती है, इसे ही हम सामान्य तौर पर उपवास कहते हैं और इसे हम धार्मिक दृष्टिकोण से ही देखते हैं. किंतु यह मात्र धार्मिक दृष्टिकोण ही नहीं है यह तो हमारे स्वयं पर नियंत्रण की एक प्रक्रिया है. अपने कठिन व्रत और उपवास के द्वारा हम अपने इन इंद्रियों को वश में करते हुए अपने संकल्प की दृढ़ता का प्रमाण देते हैं. साथ ही अपने जीवन के इन छोटे-छोटे संकल्पों के माध्यम से हम स्वयं को बड़े-बड़े संकल्पों और प्रतिज्ञा के लिए तैयार करने का प्रयास करते हैं जो कि हमारे जीवन में हमें एक कठिनतम लक्ष्य को साधने में सहायक सिद्ध हो सकता है. छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हुए जब हम आगे बढ़ते हैं तब, यदि जीवन में विशाल संकटों का सामना करने की परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, उसे समय हमारा मन डरता नहीं है, हमारे कदम डगमगाते नहीं है और हम पूर्ण दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकल्पित होते हुए आगे बढ़ते हैं तथा अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण करने का प्रयास करते हैं.

### धर्म से यह वास्ता

जैसा कि हम अपनी अनेकों परंपराओं में यही देखते आए हैं कि जीवन की अनेक ऐसी नैतिक एवं जीवनोपयोगी बातें होती हैं जिनका पालन करने के लिए मनुष्य को जब विवश करना हो तब उस बात को धर्म से जोड़कर ही प्रस्तुत किया जाता है क्योंकि यह हम सब की सामान्य प्रवृत्ति होती है कि धर्म से जुड़ी बातों का पालन हम विशेष तत्परता के साथ करते हैं तथा उस पर ज्यादा प्रश्न उठाए बिना उक्त बात का अनुपालन हृदय से करते हैं. उसके सभी नियमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का हम स्वेच्छा से भरसक प्रयत्न भी करते हैं. इसीलिए व्रत उपवास जैसी परंपराएं धर्म का आधार लेकर मनुष्य को अपने संकल्प की पूर्ति के लिए प्रयत्नशील रहने तथा लालसाओं के प्रति आकर्षित नहीं होते हुए अपने मन पर अपना नियंत्रण रखकर अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण करने की शिक्षा देने की एक प्रकार की प्रक्रिया ही होती हैं.



### व्रत के तीन प्रकार

व्रत के तीन प्रकार माने गए हैं- पहला है कायिक व्रत, दूसरा है वाचिक व्रत और तीसरा है मानसिक व्रत. हम इन तीनों को ही समाहित करते हुए जब एकाग्रचित्त होकर तन-मन से साधना करते हैं, तभी हमारा किसी भी प्रकार का व्रत या संकल्प परिपूर्ण होता है. किसी भी व्रत को पूर्ण करने के लिए उसके नियमों का पालन करना, उसमें दर्शाए गए देव या ईश्वर की सच्चे मन से आराधना करना और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अंतर्मन को सदैव जागरूक बनाए रखना अति आवश्यक होता है. तभी किसी भी प्रकार का व्रत, चाहे वह धार्मिक उपवास हो या लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प, परिपूर्ण होकर फलीभूत होता है.

अभी चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहा है। हम सब में से कितनों ने ही इस अवसर पर अपनी क्षमतानुसार भिन्न-भिन्न प्रकार के संकल्प लिए होंगे. मैं बस यही कामना करती हूं कि आप सभी का व्रत सफलतापूर्वक पूर्ण हो तथा सभी की मनोकामनाएं पूरी हों.

### तन-मन के लिए लाभकारी

अत: हम व्रत को एक पवित्र अभ्यास की संज्ञा भी दे सकते हैं. हमारा दृढ़ संकल्प हमारे अंतर्मन में संयम की मनोदशा को जागृत करता है. संकल्प की दृढ़ता ही संयमित जीवन में ऊर्जा का संचार करने में सहायक होती है. जैसा कि उपवास के वैज्ञानिक कारण के तौर पर बताया जाता है कि हम अपनी पाचन शक्ति को एक दिन का विराम देते हुए उसकी शुद्धता की एक प्रक्रिया करते हैं, जिसे शुद्ध होने में हमारी यह उपवास की प्रक्रिया सहायक सिद्ध होती है. ठीक उसी प्रकार एक दृढ़ संकल्प जब होता है तब हम उसे मानसिक व्रत की तरह ही समझ सकते हैं. उस संकल्प के माध्यम से हमारे मन को भी शांति प्राप्त होती है एवं हमारे अंत:करण की शुद्धि हो जाती है. भक्ति की शक्ति को हम कभी नकार नहीं सकते इसीलिए व्रत को धार्मिक उपवास के रूप में भक्ति से जोड़कर मन को दृढ़ता प्रदान करने की हमारी ये पुरातन विधियां आधुनिक युग में भी हमारे लिए अत्यंत ही सहायक सिद्ध हो सकती हैं. अपनी भूख प्यास को भूलकर ईश्वर की साधना में लीन होने से हमारी आंतरिक शक्तियां जागृत हो जाती हैं, इस आध्यात्मिक प्रक्रिया के द्वारा हम इस सृष्टि की भौतिकताओं को भी सरलता पूर्वक प्राप्त कर सकते हैं. अत: हम कह सकते हैं कि हमारी भौतिक आवश्यकताओं की प्राप्ति के लिए भी व्रत उपवास का यह आध्यात्मिक मार्ग अत्यंत ही सहायक हो सिद्ध होता है. इसीलिए संसार के समस्त धर्म में किसी न किसी प्रकार से, किसी न किसी रूप में व्रत या संकल्प का विधान रखा गया है, जिसका अनुपालन उस धर्म और परंपरा के अनुयायी अपनी पूरी भक्ति भावना दर्शाते हुए सहजता के साथ करते हैं, साथ ही अपने आसपास के अन्य भक्तगणों को भी इसके लिए प्रेरित करने का प्रयास करते हैं जिससे कि एक सुंदर सुसंस्कृत समाज की स्थापना हो सके.

---

**आज पापमोचिनी एकादशी पर पूरे विधि-विधान से विष्णु भगवान की उपासना की जाएगी. मान्यता है कि आस्था व विधिसम्मत तरीके से पापमोचिनी एकादशी का व्रत करने से जातक की सभी इच्छाएं पूर्ण होंगी और उनके पूर्वज भी मोक्ष की प्राप्ति करेंगे.**

## पापमोचिनी एकादशी आज
## अराधना से प्राप्त होगा सौभाग्य

**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय, ॐ नारायणाय लक्ष्म्यै नमः**



आचार्य अजय मिश्रा

आज पापमोचिनी एकादशी है. यह एकादशी चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है. भगवान श्री हरि विष्णु की इस दिन अराधना की जाती है. मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति को सौभाग्य की प्राप्ति होती है और उसके पूर्वजों को मोक्ष प्राप्त होता है. इस बार चैत्र कृष्ण एकादशी तिथि 4 अप्रैल 2024, शाम 04.14 से शुरू हो रही है. इसकी समाप्ति 5 अप्रैल 2024 को दोपहर 01.28 पर होगी. एकादशी का व्रत हमेशा उदयातिथि से मान्य होता है इसलिए पापमोचनी एकादशी का व्रत 5 अप्रैल 2024 को रखा जाएगा. इस दिन श्रीहरि की पूजा के लिए सुबह 07.41 से सुबह 10.49 तक शुभ मुहूर्त पापमोचनी एकादशी का व्रत पारण द्वादशी तिथि पर किया जाता है. इस बार पंचांग अनुसार 6 अप्रैल 2024 को सुबह 06.05 - सुबह 08.37 के बीच पापमोचनी एकादशी व्रत पारण का समय प्राप्त हो रहा है.

### श्रीहरि को लगाएं ये भोग

श्रीहरि विष्णु को खीर, हलवा, पंचामृत, गुड़ और चने की दाल, केला आदि का भोग बेहद प्रिय है. भगवान विष्णु को तुलसी विशेष प्रिय हैं. इसलिए भोग में तुलसी दल डालना नहीं भूलें. विष्णु जी को भोग लगाते समय इस मंत्र का जाप करें -

त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।
गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ॥

### पापमोचिनी एकादशी कथा

शास्त्रों में वर्णित है कि भगवान कृष्ण ने स्वयं पांडु पुत्र अर्जुन को पापमोचिनी एकादशी व्रत का महत्व बताया था. कहा जाता है राजा मांधाता ने लोमश ऋषि से जब पूछा कि अनजाने में हुए पापों से मुक्ति कैसे हासिल की जाती है? तब लोमश ऋषि ने पापमोचनी एकादशी व्रत का जिक्र करते हुए राजा को एक पौराणिक कथा सुनाई थी. कथा के अनुसार, एक बार जब च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी वन में तपस्या कर रहे थे, तब मंजुघोषा नाम की अप्सरा वहां से गुजरी. जैसे ही उसकी नजर मेधावी पर नजर पड़ी, अप्सरा उस पर मोहित हो गई. मेधावी को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मंजुघोषा नाना तरीके से प्रयास करने लगी. मंजुघोषा के प्रयासों को देख कामदेव भी उनकी मदद करने के लिए आ गए. इस तरह मेधावी मंजुघोषा की ओर आकर्षित हो गए और वह भगवान शिव की तपस्या करना ही भूल गए. कुछ समय बीतने पर मेधावी को अपनी गलती का एहसास हुआ. और यह भी अहसास हुआ कि इसके लिए मंजुघोषा ही दोषी है. क्रोध में मेधावी ने अप्सरा को पिशाचिनी होने का श्राप दे दिया. दुखी अप्सरा ने तुरंत गलती की क्षमा मांगी. तब मेधावी ने मंजुघोषा को चैत्र मास की पापमोचनी एकादशी करने की सलाह दी. मंजुघोषा ने विधिपूर्वक पापमोचनी एकादशी का व्रत किया जिसके प्रभाव से उसे सभी पापों से मुक्ति मिल गई और वह वापस अप्सरा बन कर स्वर्ग में लौट गई. बाद में मेधावी ने भी पापमोचनी एकादशी का व्रत कर पाप मुक्त हुए और अपना पुराना तेज वापस पाया.



---

**खुशी संदेश-08**

### समर्पण भाव से मिलेगी सफलता



मुकेश चौहान

एक व्यक्ति महान संत के पास पहुंच कर कहा- गुरुवर! मैं एक बड़े लक्ष्य को पाना चाहता हूं. पर बार-बार असफल हो जा रहा. आप कोई उपाय बताएं. संत उसे एक फूल का पौधा देकर बोले- इसे मेरी कुटिया के गेट के पास लगा दो. जब यह जीवंत हो पहला फूल देगा, तब उपाय बताऊंगा. व्यक्ति फूल लगाने गया तो पाया वहां की मिट्टी बंजर है. वह लौट कर बोला- आप जहां कह रहें, वहां तो फूल लग नहीं पाएगा. संत बोले- मैं कुछ नहीं जानता, तुम फूल उगा कर दिखाओ. व्यक्ति वापस जाकर आस-पास की भूमि को देखा. एक जगह पौधे लगाकर खूब सेवा की. कुछ दिनों बाद फूल खिला. संत खिला फूल देखकर बोले- कुछ समझे! मैं जहां बोला था, वहां की मिट्टी वास्तव में फूल के अनुकूल नहीं थी. तुम समर्पित हो जगह परिवर्तित कर देख-रेख के साथ फूल खिला दिए. सोच कर देखना, क्या तुम अपने लक्ष्य के प्रति इतने समर्पित हो? व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति का राज जान गया. विवेकानंद ने भी कहा था- एक विचार लो. उस विचार को अपना जीवन बना लो. उसके बारे में सोचो. उसके सपने देखो, उस विचार को जियो. अपने दिमाग, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो. यही सफल होने का तरीका है.

---




स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

**फेंगशुई में कुछ चीजों की घर उपस्थिति या छोटे-छोटे कुछ प्रयोग का विशेष महत्व है. वास्तु एक्सपर्ट स्वामी विमलेश बता रहे हैं कि सुख-सौभाग्य-समृद्धि के लिए कौन से उपाय अपनाएं-**

## बहुत शुभ है घर में इनका रहना

- **एजुकेशन टावर**



जिन बच्चों का पढ़ाई में मन ना लगता हो, उनके स्टडी टेबल पर एजुकेशन टावर रखने से लाभ होता है. इसे उत्तर पूर्व दिशा के कोने में भी रखा जा सकता है.

- **पानी का जहाज**

अपनी ओर आता पानी का जहाज या उसका चित्र घर या ऑफिस में अपने सामने की दीवार पर टांगना शुभ है. जहाज में सोने का सिक्का या सुनहरे रंग का कोई सिक्का रखें.

- **पूर्णिमा का चांद**



कन्या के विवाह में दिक्कत हो रही है तो उसके कमरे में पूर्णिमा के चांद की फोटो लगाएं. चीन में पूर्णिमा के चांद को विवाह के देवता का प्रतीक मानते हैं.



- **जल में मीठा संतरा**

विवाह योग कन्याओं को पूर्णिमा के दिन एक मीठा संतरा नदी में प्रवाहित करना चाहिए. चीनियों के अनुसार वायु और जल देवता कन्या का संदेश विवाह के देवता चंद्रमा तक पहुंचाते हैं जिस कन्या का जल्द ही मन चाहा वर मिलता है.

- **सौभाग्यशाली पवित्र गाय**

गाय या गाय की मूर्ति, तस्वीर आदि को दक्षिण पूर्व दिशा में रखने से संपत्ति और भाग्य में इजाफा होता है. गाय और बछड़े का एक साथ होना माता और पुत्र के मधुर संबंध और दीर्घायु को दर्शाता है.

- **पूर्णिमा की रात का पानी**

पूर्णिमा की रात को बाहर बाल्टी में रखें पानी से सुबह नहाने से भी कुंवारी लड़कियों को मनपसंद वर मिलता है.

- **क्रिस्टल बॉल**

क्रिस्टल बॉल का प्रयोग नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तन करने के लिए किया जाता है. क्रिस्टल बॉल डायमंड कट वाली होनी चाहिए. इसे घर में टांगने से आरोग्य, वैवाहिक संबंध में मधुरता, बच्चों की प्रगति आदि में लाभ होता है.

- **त्रि -शक्ति स्वास्तिक, ओम, त्रिशूल मंगलकारी चिन्ह**

स्वास्तिक, ओम, त्रिशूला त्रि- शक्ति जी चिन्ह को दरवाजे पर लगाते हैं. यह चिन्ह हमारा मंगल करती है. वाहनों पर लगाने से यह वाहन दुर्घटना नाशक यंत्र का कार्य करते हैं. मंगलकारी चिन्ह आपको कई मुसीबत से बचाते हैं. इसे उपहार में देना बहुत शुभ माना जाता है.

- **गोल्डन बर्ड**

धन समृद्धि के लिए गोल्डन बर्ड को कैश ज्वैलरी रखने वाले स्थान पर रखें. यह गोल्डन बर्ड हमारे धन को बढ़ाती है.

---

## इन राशियों पर सूर्यग्रहण का होगा अधिक असर



आचार्य प्रणव मिश्रा

*08 अप्रैल को चैत्र अमावस्या है और इस दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण भी लगने वाला है. यह सूर्य ग्रहण कई मायनों में खास है. यह सूर्य ग्रहण बहुत बड़ा है. कहा जाता है कि इससे पहले 1971 में यह सूर्यग्रहण लगा था. कहा यह भी जा रहा है कि आने वाले कई वर्षों तक ऐसा बड़ा सूर्य ग्रहण नहीं लगेगा. अमेरिका में यह ग्रहण सबसे ज्यादा समय के लिए दिखाई देगा.*

### यह होगा सूर्यग्रहण का समय

8 अप्रैल 2024 को सूर्य ग्रहण रात 09:12 मिनट से मध्य रात्रि 01:25 मिनट तक रहेगा. इस ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटे 25 मिनट तक होगी. इस बीच चांद सूर्य को 3 मिनट से ज्यादा समय के लिए कवर कर लेगा. इस समय आसमान में अंधेरा छा जाएगा.

### भारत में क्या होगा असर

ग्रहण के दौरान पृथ्वी पर राहु-केतु का प्रभाव बढ़ जाता है. इसके लिए ग्रहण और सूतक के समय कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है. लेकिन राहत की बात यह है कि भारत में यह सूर्य ग्रहण नहीं दिखाई देगा. इस कारण अपने देश में इसके लिए सूतक भी मान्य नहीं होगा. यानी हमें सूतक काल का परहेज नहीं करना होगा और न मांगलिक कार्य बाधित है.



### इन राशियों पर विशेष प्रभाव

ज्योतिषियों के अनुसार सूर्य ग्रहण का तीन राशि पर विशेष प्रभाव पड़ेगा. इसकारण इन तीन राशियों के जातकों को ग्रहण के दौरान सावधान रहना होगा. आइए, जाने कौन हैं ये तीन राशि और क्या इनके जातकों पर क्या पड़ेगा प्रभाव-

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों को सूर्य ग्रहण के दौरान विशेष तौर पर सावधान रहने की सलाह दी जाती है. बेहतर हो कि वे इस दिन कोई भी शुभ कार्य न करें. शेयर बाजार, सट्टा, प्रॉपर्टी या अन्य किसी बड़े निवेश से बचें. अशुभ स्थानों पर जाने से परहेज करें.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को सलाह दी जाती है कि इस दिन वे अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें. संभव हो तो यात्रा बिल्कुल नहीं करें. ग्रहण के दौरान महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें. ऐसा करने से राहु-केतु के अशुभ प्रभाव समाप्त हो जाएंगे.

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों को चैत्र अमावस्या के दिन विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है. मीन राशि के जातकों को सलाह दी जाती है कि ग्रहण के समय कोई भी शुभ कार्य न करें, और न ही निवेश करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



## मुस्ताफिजुर के बिना चेन्नई सुपर किंग्स का आज सनराइजर्स हैदराबाद से सामना

# जीत की राह पर लौटने उतरेगी चेन्नई

भाषा । हैदराबाद

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है. दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी. इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था. उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे. क्रिकेटप्रेमी महेंद्र सिंह धौनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे. उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे. वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं.

**गेंदबाजी चेन्नई के लिए हो सकता का चिंता विषय :** गेंदबाजी विभाग चेन्नई के लिए चिंता का विषय हो सकता है. चेन्नई को गेंदबाजी संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्ताफिजूर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं. अभी तक मुस्ताफिजूर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी. मुस्ताफिजूर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है.



### हैदराबाद को मिलेगा घरेलू मैदान का फायदा

सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा. उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं. गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे. गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं. भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं. कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये.


**टीमें**

- **चेन्नई सुपर किंग्स** : महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली.
- **सनराइजर्स हैदराबाद** : पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन.



## अर्धशतक के बाद अंगकृष ने गुरु अभिषेक को दिया धन्यवाद

भाषा । विशाखापत्तनम



अंडर-19 विश्व कप 2022 में 278 रन बनाने के बावजूद अंगकृष रघुवंशी गुमनाम ही रह गए, लेकिन बुधवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये 27 गेंद में 54 रन बनाकर उन्हें गुमनामी का पर्दा हटा दिया. उन्होंने इसके लिये अपने गुरू अभिषेक नायर को धन्यवाद देते हुए यह पारी उन्हें समर्पित की. मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि उन्होंने हर बात में मेरी मदद की है. खेल को लेकर मेरी सोच, मेरी कार्यशैली, मैं क्या खाता हूं, कैसे अभ्यास करता हूं. वह मेरे सही मायने में गुरू है और मेरा उनसे ऐसा रिश्ता है . घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बतौर कोच अपनी साख बना चुके नायर ने दिनेश कार्तिक के कैरियर को भी फिर से ढर्रे पर लाने में अहम भूमिका निभाई है. रघुवंशी ने कहा कि मैं अपनी पारी कोच अभिषेक नायर, साथी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को समर्पित करता हूं. मैने उनके साथ रहकर बहुत कुछ सीखा है. अभिषेक सर बचपन से मेरे साथ हैं . उन्होंने मुझसे बहुत अभ्यास कराया और सारा श्रेय उनको जाता है.

## केकेआर से मिली हार अस्वीकार्य और निराशाजनक : रिकी पोंटिंग

भाषा । विशाखापत्तनम



दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कोलकाता नाइट राडर्स से 106 रन से मिली हार को अस्वीकार्य और निराशाजनक बताते हुए अपनी टीम को फटकार लगाई है. दिल्ली कैपिटल्स ने पहले केकेआर को सात विकेट पर 272 रन बनाने दिये और बाद में पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई पोंटिंग ने कहा कि अभी इसकी समीक्षा करना मुश्किल है.

पहले हाफ में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत निराश हूं. उन्होंने कहा कि इतने रन देना समझ से परे है . हमने 17 वाइड गेंद डाली और अपने ओवर पूरे करने में दो घंटे लगे. नतीजा हम फिर दो ओवर पीछे रह गए, जिसके मायने है कि आखिरी दो ओवर डालने वालों को सर्कल के बाद चार ही फील्डर मिले. उन्होंने कहा कि मैच में बहुत कुछ हुआ जो अस्वीकार्य है. हम टीम के भीतर इस पर बात करेंगे और जल्दी ही इसमें सुधार करेंगे. खुलकर अच्छी बातचीत होना जरूरी है. गेंदबाजी , फील्ड प्लेसमेंट सभी पर बात करनी होगी.

## ब्रीफ खबरें

### भारत में डोपिंग के मामले सर्वाधिक

**नयी दिल्ली ।** विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है. वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3 . 2 प्रतिशत है.

### तीन साल सऊदी अरब में होगा डब्ल्यूटीए फाइनल

**रियाद ।** महिला पेशेवर टेनिस टूर ने गुरुवार को घोषणा की कि सऊदी अरब अगले तीन साल तक डब्ल्यूटीए फाइनल्स की मेजबानी करेगा. नवंबर में होने वाले टूर्नामेंट की इनामी राशि भी अब बढ़कर एक करोड़ 52 लाख व 50 हजार डॉलर हो गई है, जो 2023 की तुलना में 70 प्रतिशत अधिक है. शीर्ष आठ एकल व आठ युगल टीमों के बीच होने वाला यह टूर्नामेंट रियाद में 2024 से 2026 तक खेला जाएगा.

### द.अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक फ्लूर्स की हत्या

**जोहानिसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई. उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी. चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे. क्लब ने एक बयान में कहा कि ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है.

**कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज**

## अनमोल समेत पांच भारतीय खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

- गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21-11, 21-7 से हराया

भाषा । अस्ताना

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब समेत पांच भारतीय खिलाड़ी कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए. अनमोल के अलावा देविका सिहाब, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई. गत राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21-11, 21-7 से हराया. अब उनका सामना जापान की सोरानो योशिकावा से होगा. वहीं इस साल चार फाइनल में पहुंचकर दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिजाब जीतने वाली सिहाग ने अजरबैजान की केइशा फातिमा अजाहरा को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी.

अब उनका सामना हमवतन अनुपमा से होगा जिसने चेक गणराज्य की टेरेजा एस को हराया. सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या ने इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा को 21-11, 21-18 से मात दी. अब वह हमवतन ईशारानी से खेलेंगी जिसने न्यूजीलैंड की टिफानी हो को 21-10, 20-14 से हराया. मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए.



### उबर कप नहीं खेलेंगी सिंधू, थॉमस कप के लिये भारत की मजबूत टीम

**नयी दिल्ली ।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी. फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं. उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है. महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है. उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है. बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये. युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है. भारत थॉमस कप में गत चैंपियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है. इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं. दुनिया की नंबर एक जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला भी खेलेंगे.

- **थॉमस कप टीम** : **एकल** : लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज

**युगल** : सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला और साइ प्रतीक

- **उबर कप टीम** : **एकल** : अनमोल खरब , तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा, ईशारानी बरूआ

**युगल** : श्रुति मिश्रा, प्रिया कोंजेंगबम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर

## आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं भारतीय फुटबॉल कोच

# भारतीय टीम के प्रभारी बने रहेंगे स्टिमक

भाषा । नयी दिल्ली



आलोचनाओं का सामना कर रहे इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ भारत के फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मुकाबलों के प्रभारी बने रहेंगे. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच से आगामी दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है. भारतीय फुटबॉल के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने 26 मार्च को गुवाहाटी में घरेलू चरण के मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली चौंकाने वाली हार के बाद क्रोएशिया की विश्व कप टीम के खिलाड़ी रह चुके स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की थी, लेकिन अब एक हफ्ते बाद एआईएफएफ ने फिलहाल उन्हें बरकरार रखा है. अफगानिस्तान से हार के बाद एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा गठित और उपाध्यक्ष एनए हारिस की अध्यक्षता वाली एक समिति ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान स्टिमक के साथ चर्चा की. एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य और तकनीकी समिति के अध्यक्ष विजयन ने कहा कि मुझे खुशी है कि मुख्य कोच के साथ हमारी अच्छी चर्चा हुई. विश्व कप क्वालीफायर में हमारे दो मुकाबले बचे हैं. इतिहास में पहली बार हमारे पास तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका.

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अगले दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करें और राष्ट्रीय टीम के साथ मजबूती से खड़े रहें ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें. हारिस, विजयन और क्लाइमैक्स लॉरेंस सहित समिति के तीन सदस्य बैठक में शामिल नहीं हो सके. बैठक के दौरान स्टिमक से अफगानिस्तान के घरेलू मैच से पहले उनकी टिप्पणियों को स्पष्ट करने के लिए भी कहा गया, जहां उन्होंने कहा था कि अगर भारत क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहा तो वह इस्तीफा दे देंगे.

**खास बातें**

- कुवैत व कतर के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में बने टीम का हिस्सा
- अफगानिस्ता से मिली हार के बाद की गई थी स्टिमक को बर्खास्त करने की मांग

### भारतीय फुटबॉल टीम को चार पायदान का नुकसान

- चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक भारत
- रैंकिंग में शीर्ष पर है गत चैंपियन अर्जेंटीना

भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है. भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था. पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैंपियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही. जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी और चार टीमों के ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही. गत विश्व चैंपियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है. ब्राजील पांचवें स्थान पर है.

### अजारेंका और अनहेलिना कालिनिना तीसरे दौर में

**चार्ल्सटन ।** विक्टोरिया अजारेंका और अनहेलिना कालिनिना ने वर्षाबाधित चार्ल्सटन ओपन टेनिस में अपने अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया. सत्र के पहले क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में 12वीं वरीयता प्राप्त अजारेंका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-1, 6-2 से हराया.वहीं 15वीं वरीयता प्राप्त कालिनिना ने पूर्व चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-2, 6-3 से हराकर अगेल दौर में प्रवेश किया. बारिश के कारण मुकाबले देर से शुरू हुए और कई मुकाबले स्थगित करने पड़े.

## नकद ईनाम से मिली मदद : सलीमा

- सलीमा ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था
- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में उन्हें 25 लाख रु का पुरस्कार मिला था

भाषा । नयी दिल्ली



हॉकी इंडिया वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार पहली बार जीतने वाली झारखंड की सलीमा टेटे ने कहा कि पुरस्कार से न सिर्फ उनका मनोबल बढा है बल्कि इसके साथ 25 लाख रूपये नकद मिलना झारखंड में उनके परिवार के लिये बहुत बड़ी बात है. टेटे ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि जब मेरे परिवार ने पुरस्कार के बारे में सुना तो उन्हें भी मुझ पर काफी गर्व हुआ. पुरस्कार के साथ हमें नकद ईनाम भी मिलता है जो मेरे लिये बहुत बड़ी बात है. मुझे ईनाम मिला मतलब मेरे परिवार को ईनाम मिला. झारखंड के सिमडेगा जिले में बेहद गरीब परिवार में जन्मी टेटे ने कहा कि मैं हॉकी इंडिया को इसके लिये धन्यवाद देती हूं क्योंकि इसकी बदौलत मेरे परिजनों की मदद हो गई है. एशियाई खेल 2022 में कांस्य विजेता टीम की सदस्य टेटे ने कहा कि अपने करियर में पहली बार इतना बड़ा पुरस्कार पाकर अच्छा लग रहा है. यह बड़ा सम्मान है और मुझे हमेशा प्रेरित करता रहेगा.

**क्रिकेट**

## भारत की नयी तेज गेंदबाजी सनसनी के बारे में स्टुअर्ट ब्रॉड रखी अपनी राय

# भारत को मयंक के रूप में मिल गया है एक खास गेंदबाज

भाषा । मुंबई

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत की नयी तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है ताकि करियर में चोटों का सामना करने के लिये उनका शरीर सख्त हो सके. पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके ब्रॉड का मानना है कि कम उम्र में ही शुरूआत करके यादव शीर्ष स्तर पर बहुत कुछ सीख सकते हैं लेकिन उन्हें उतार चढाव के लिये तैयार रहना होगा. स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम में शामिल ब्रॉड ने यहां चैनल के स्टूडियो में कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसे घरेलू क्रिकेट से होकर गुजरने की जरूरत है. शीर्ष स्तर पर खेलकर उसका शरीर खुद ब खुद सख्त हो जायेगा. उन्होंने कहाकि उसका रनअप अच्छा है और उसे लाइन और लैंग्थ की भी अच्छी समझ है. किसी युवा गेंदबाज के लिये सबसे शीर्ष स्तर पर खेलना अच्छा सबक होता है. मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कम उम्र में शुरूआत करके ही बहुत कुछ सीखा. वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ सीख रहा है. इंग्लैंड के लिये 604 टेस्ट विकेट ले चुके ब्रॉड ने कहा कि 21 वर्ष के मयंक को शीर्ष स्तर पर उतारने से उसे फायदा ही होगा क्योंकि भारत को एक खास गेंदबाज मिल गया है. उन्होंने कहा कि मैं तो उसे भारतीय टीम में देखना चाहूंगा. जरूरी नहीं कि वह खेले लेकिन ड्रेसिंग रूम में बहुत कुछ सीख सकता है.



### मयंक को ढंग से मैनेज करने की जरूरत है

स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि भारत को एक खास खिलाड़ी मिल गया है जिसे ढंग से मैनेज करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि उसे यह याद रखना होगा कि खेल में चोट भी लगेगा. वह काफी रफ्तार से गेंद डालता है लेकिन उसकी लय जबर्दस्त है. पहले दो आईपीएल मैचों में किसी तेज गेंदबाज को मैन ऑफ द मैच चुना जाना अक्सर नहीं होता. मैं उम्मीद करता हूं कि वह तीनों प्रारूप खेलेगा. उसे अपेक्षाओं के दबाव की भी आदत डालनी होगी. उसे हर मैच में तो मैन ऑफ द मैच पुरस्कार नहीं मिलेगा.

### आईपीएल के पहले 10 मैचों को रिकॉर्ड 35 करोड़ दर्शकों ने देखा

**मुंबई ।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है, जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं. डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है. डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं, हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ. डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है.

## पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

भाषा । विशाखापत्तनम



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है. पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी. बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. आईपीएल ने एक बयान में कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है. इसमें कहा गया कि यह इस सत्र में आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का दूसरा अपराध था लिहाजा पंत पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया. इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** एकादश भाव मे शनि चन्द्र है. गलत आय से बचें. किसी बड़ी समस्या का हल होगा. भाग्य का साथ रहेगा विवाद से बचें. धन के लिए दिन अच्छा है. राज सम्मान मिल सकता है. धर्म कर्म में मन लगेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**वृषभ** समय अनुकूल है. मौसम का रोग परेशानी का कारण बन सकता है. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. नया कार्य होगा. किसी के बहकावे में नहीं आयें. यह आपके हित में नहीं होगा.

**मिथुन** भाग्य का साथ मिलेगा. साथ ही व्यापार एवं आय में वृद्धि होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. प्रतिद्वंद्विता बढ़ सकती है. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. आपके कार्य और प्रभाव से कोई नया कार्य होगा .

**कर्क** मानसिक तनाव हो सकता है. साथ ही कोई नया कार्य भी होगा. नई योजना बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. पर स्वास्थ पर ध्यान दें.

**सिंह** उदर विकार उत्पन्न हो सकता है. व्यापार के लिए समय उत्तम है. कार्यालयों में रुके कार्यों में गति आएगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जोखिम बिलकुल न लें. संतान की तरक्की के लिए कुछ नया आइडिया आएगा.

**कन्या** ऋण लेने से बचें. रोग भाव में विष दोष बना है. उदर रोग से बचें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. यात्रा का योग है. पर यात्रा के दौरान सतर्क रहना होगा.

**तुला** संतान के कार्य पर नज़र रखें. आपके कार्य और प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. स्त्री पक्ष से लाभदायक सूचना मिल सकती है. प्रसन्नता रहेगी. किसी मित्र या किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी.

**वृश्चिक** माता या माता समान किसी महिला का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. सुख की सामग्री एकत्र हो सकती है. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है. पार्टनरों का सहयोग मिलेगा. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** पराक्रम में वृद्धि होगी. समय उत्तम है. समय का लाभ लें. काम करते करते बोर होने के बाद कुछ नया कार्य करना चाहिए. संगीत और चित्रकारी आदि रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. आय में वृद्धि होगी. पारिवारिक सहयोग मिलेगा.

**मकर** नेत्र विकार से बचना चाहिए. धन के आगमन से मन खुश होगा. पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा और आय में निश्चितता रहेगी, जिससे मन खुश होगा. काला वस्तु दान करें.

**कुंभ** समय उत्तम है. मानसिक उलझन होगा, पर घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से कार्य में तेजी आएगी. शनि को खुश करें.

**मीन** किसी नये स्रोत से धन का आगमन होगा. किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी. मन में किसी बात को लेकर बार बार खुशी होगी. आलस का त्याग करें.

## मारपीट के बाद से व्यक्ति लापता पत्नी ने लगाया अपहरण का आरोप

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा स्थित लाल बिल्डिंग के पास बीते दिनों स्कैप कारोबार के वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी. इस घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे. इधर, घटना के बाद से घायल बबलू झा लापता है. गुरुवार को बबलू झा की पत्नी चांदनी झा एसएसपी कार्यालय पहुंची और पति के अपहरण का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की. चांदनी ने बताया कि वे लोग बागबेड़ा रोड नंबर 2 के रहने वाले है. 31 मार्च को फोन कर अजय सिंह ने उसके पति बबलू झा को बुलाया था उसके बाद से वे घर नहीं लौटे.

पेज एक का शेष...

## लोकतंत्र बचाओ बनाम भ्रष्टाचार ...

हालांकि इस लोकतंत्र बचाओ रैली के मंच से केजरीवाल के साथ ज्यादती की बातें हुईं, लेकिन सोमवार को अदालत ने उन्हें तिहाड़ी बना दिया. अब खूब जमेगा रंग, जब बैठेंगे चार यार एक संग. केजरीवाल साहब जेल से सरकार चलायेंगे, क्योंकि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि जेल जाने पर इस्तीफा देना ही होगा. संविधान में तो यह भी नहीं लिखा है कि मुख्यमंत्री को ईमानदार होना जरूरी है. यह अन्ना के चेलों का तर्क है और कांग्रेस भी इससे सहमत है. लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनैतिक होना शायद अनिवार्य शर्त है. हमारे संविधान निर्माताओं ने सोचा ही नहीं था कि देश में ऐसे भी क्रांतिकारी पैदा होंगे जो लोकलाज छोड़कर नैतिकता का जुलूस निकालेंगे. जयललिता, लालू प्रसाद, हेमंत सोरेन आदि ने संविधान पर गौर ही नहीं किया. उन्होंने गिरफ्तार होते ही इस्तीफा दे दिया. ये बुजदिल, कायर थे. केजरीवाल बब्बर शेर हैं. केंद्र सरकार में दम है तो उनकी सरकार बर्खास्त करे. वह आईआईटियन हैं, आईआरएस हैं. इतने पढ़े-लिखे नेता को नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले उनकी फितरती अदाओं को ठीक से समझ नहीं सकते. पता नहीं आगे क्या होगा. लेकिन मेरठ की रैली में नरेंद्र मोदी ने साफ-साफ कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभी तो जो कुछ हुआ है, वह ट्रेलर है. यानी यदि वह फिर आये तो पूरी फिल्म दिखायेंगे. इसे राहुल के बयान से जोड़कर देखें तो साफ हो जायेगा कि मोदी का भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रहार विपक्ष के चिल्ल-पों से थमेगा नहीं. उन्होंने एक बार फिर साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचारी बचेंगे नहीं. उन्हें सलाखों के पीछे जाना ही पड़ेगा. शायद इसीलिए देश में आग लगने या लगाने की बात अभी से कही जा रही है. इस प्रकार इन दोनों रैलियों से यह साफ हो गया है कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र बचाओ बनाम भ्रष्टाचार मिटाओ के मुद्दे पर ही लड़ा जायेगा. विपक्ष लोकतंत्र बचाने की हांक लगायेगा और सत्ता पक्ष भ्रष्टाचार मिटाने के लिए वोट मांगेगा. इसमें भाजपा एक और मुद्दा जोड़ेगी. इसका भी संकेत योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की रैली में दे दिया. वह मुद्दा है नेशन फर्स्ट बनाम फैमिली फर्स्ट. हालांकि फैमिली फर्स्ट वाले एनडीए में भी हैं, लेकिन वे हाशिए पर हैं. इंडिया की सभी प्रमुख पार्टियां फैमिली फर्स्ट वाली हैं. यानी वहां यह रंग ज्यादा चटक है.

जहां तक लोकतंत्र बनाम भ्रष्टाचार की बात है, लोकतंत्र निर्गुणी प्रकृति का है और भ्रष्टाचार सगुणी. निर्गुण को समझना, समझाना कठिन होता है. लेकिन सगुण में एक स्वाभाविक खिंचाव, आकर्षण होता है. वह साफ-साफ दिखता है. चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारकों की क्षमता, कुशलता और योग्यता इस कसौटी पर कसी जायेगी कि उन्होंने अपने मुद्दे को मतदाताओं तक ठीक से संप्रेषित किया या नहीं. मतदाता किसकी सुनेंगे, समझेंगे, किसे ठुकरायेंगे, यह धीरे-धीरे साफ होगा. दो महीने तक यह धमाचौकड़ी देखते रहिए और चार जून तक इंतजार कीजिए.

### ईवीएम के सभी मतों के वीवीपैट की पर्चियों से मिलान की मांग पर शुभम संदेश व लगातार.इन के पाठकों की राय

# चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगा मतों का मिलान

ईवीएम के वोटों से वीवीपैट की सौ फीसदी पर्चियों का मिलान कराने की मांग वाली याचिका पर बीती 1 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को तय की है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और एक अन्य की अलग-अलग याचिकाओं में मांग की गई है कि ईवीएम के सभी वोटों का वीवीपैट की पर्चियों से मिलान किया जाए. फिलहाल मतगणना पर सवाल उठता है तो सिर्फ पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट की पर्चियों से मिलान होता है.

### वीवीपैट की पर्चियों से ईवीएम के सभी वोटों का मिलान हो : अजीत कुमार

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में के माध्यम से डाले जाने वाले वोटों का कोई अता-पता नहीं रहता है. मशीन के अंदर क्या हो रहा है, ये आम लोग नहीं जान पाते. इसलिए, वीवीपैट की जरूरत पड़ी और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह व्यवस्था की गई है. कई विशेषज्ञ भी इस विषय में कई प्रश्न उठा चुके हैं और ईवीएम और वीवीपैट के मतों में बड़ी संख्या में विसंगतियों की सूचना आती रहती है. ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग को वीवीपैट की पर्चियों से ईवीएम के सभी वोटों का मिलान कराना चाहिए.

### संदेह को दूर करने के लिए मिलान बेहद जरूरी : कृष्णा गागराई

आमतौर पर पूरे विश्व में काफी कम देश है जहां पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से चुनाव की की प्रक्रिया पूरी होती है. इसके साथ वहां भी ये सवाल उठाए जाते रहे हैं. अमेरिका में इतने चुनाव हुए हैं, लेकिन वहां पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग नहीं होता है. इसलिए जरूरी है कि ईवीएम के सौ फीसदी वोटों का वीवीपैट की पर्चियों से मिलान किया जाना चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया पर किसी को किसी प्रकार का संदेह न हो. लोकतंत्र में भरोसा कायम रखने के लिए इसकी पहल होनी चाहिए.

### चुनाव की प्रक्रिया पर कोई संदेह न हो : बसंत कुमार सिंह

दुनिया में में काफी कम देश है जहां पर चुनाव प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाता है. लोकतांत्रिक देशों के अगुवा अमेरिका में इतने चुनाव हुए हैं, लेकिन वहां पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग नहीं किया जाता है. इसलिए जरूरी है कि ईवीएम के सौ फीसदी वोटों का वीवीपैट की पर्चियों से मिलान किया जाना चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया पर किसी को किसी प्रकार का संदेह न हो. लोकतंत्र में भरोसा कायम रखने के लिए चुनाव आयोग को इसकी पहल करनी चाहिए.

### 100 प्रतिशत मतों का मिलान जरूरी है : अमित हेम्ब्रम


वीवीपैट पर्चियों का सत्यापन मतगणना हॉल में एक सुरक्षित वीवीपैट काउंटिंग बूथ के अंदर किया जाता है. इस बूथ में केवल अधिकृत कर्मियों को आने की अनुमति होती है. परिणामों के मिलान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर निर्वाचन क्षेत्र का अंतिम परिणाम घोषित करता है. इसलिए ईवीएम के 100 प्रतिशत मतों वीवीपैट की पर्चियों मिलान जरूरी है. इससे पिछले कुछ सालों के दौरान देश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर मतदाताओं के मन में उठ रहे सवालों का जवाब मिल सकेगा.

### देश का लोकतंत्र होगा मजबूत : मोहम्मद जाहिद अंसारी



ईवीएम के सभी मतों का वीवीपैट की पर्चियों से मिलान कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में डाली गई याचिकाएं बिल्कुल सही है. ईवीएम के सभी वोटों का मिलान वीवीपैट की पर्चियों से होना चाहिए. इससे चुनाव प्रक्रिकया में पारदर्शिता आएगी. अन्यथा किसी चुनाव का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा. सवाल उठता है कि जब 24 लाख वीवीपैट की खरीद कह गई है तो सिर्फ 20000 वीवीपैट की पर्चियों का ही मिलान क्यों? मतों की गिनती में समय लगता है तो लगे. लोकतंत्र की मजबूती के लिए परिणाम के लिए इंतज़ार किया जा सकता है.

### स्वतंत्र वोट सत्यापन के लिए एक सही प्रणाली है : अरिजीत जाना



सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव में ईवीएम के सभी मतों का वीवीपैट की पर्चियों से मिलान कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से नोटिस जारी कर जवाब मांगना सही फैसला है. वोटर वेरिफ़िएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो एक मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट सही तरीके से डाला गया है या नहीं. इससे मतदाता को अपने बहुमूल्य वोट के सत्यापन का मौका मिलता है. चुनाव आयोग को पहल करनी चाहिए.

### वीवीपैट की पर्चियों से सभी वोटों का मिलान जरूरी : पिंटू कुमार



हम जैसे युवा वोटर्स का पहली बार मतदान करना एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक पल होता है. हमारा महत्वपूर्ण मुद्दा है शिक्षा के क्षेत्र में सुधार. हम उन प्रत्याशियों को समर्थन देंगे जो शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. वहीं अगर कोई बैलेट से वोट करता है तो उसमें वो देख सकता है कि उसने कहां वोट दिया है, जबकि ईवीएम में ऐसा नहीं है. ईवीएम सिर्फ काउंटर है. वो सही तरीके से वो काम कर रहा है कि नहीं इसका ऑडिट तो वीवीपैट की पर्चियों से मिलान कर ही किया जा सकता है.

### वोटों का सौ फीसदी मिलान हर-हाल में होना चाहिए : प्रशांत वर्मा



2024 के लोकसभा चुनाव में हम पहली बार मतदान करेंगे. हम उन दलों और प्रत्याशियों को वोट देंगे जो युवाओं की पहली प्राथमिकता को समझते हैं और इस मुद्दे पर बात करेंगे. इसलिए जरूरी है कि हमारे वोटों का सौ फीसदी मिलान हर-हाल में होना चाहिए. इससे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं का संदेह दूर होगा और पारदर्शिता के साथ लोकतंत्र मजबूत होगा. सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पहले ही चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को इस दिशा में पहल करनी चाहिए.

### पिछले चार लोकसभा चुनाव में सिर्फ तीन महिला उम्मीदवारों ने जीत हासिल की

# महिला प्रत्याशी बनाने में राजनीतिक दल मार रहे डंडी, भाजपा ने तीन उतारे

रवि भारती। रांची

हर बार लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दल महिलाओं को उम्मीदवार बनाने में डंडी मार देते हैं. झारखंड में 2004 से 2019 के दौरान चार लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें सिर्फ तीन महिला उम्मीदवारों ने ही जीत हासिल की. 2004 में झारखंड से 13 महिलाएं चुनाव लड़ीं, लेकिन इनमें सिर्फ एक ने ही जीत हासिल की. 2009 के चुनाव में महिला उम्मीदवारों की संख्या 14 थीं. सभी चुनाव हार गईं. 2014 में राज्य से एक भी महिला उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत पायीं थीं. 2019 के चुनाव में 25 महिलाएं चुनावी मैदान में थीं. इनमें से सिर्फ दो ने ही जीत हासिल की. इस बार भी सभी राजनीतिक दलों में एक बात साफ दिख रही है कि वह महिला उम्मीदवारों को उतारने से परहेज कर रहे हैं. हालांकि अभी सभी पार्टियों की ओर से सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन महिलाएं नहीं के बराबर दिख रही हैं. हालांकि इस बार के लोकसभा चुनाव में राजग के सबसे बड़े घटक भाजपा ने 14 में से तीन सीटों पर महिला प्रत्याशी को उतारा है. हालांकि सालों से भाजपा का झंडा ढो रही महिलाओं को भाजपा ने हाशिए पर रखा है.

**भाजपा को अपनों पर भरोसा नहीं, तीन दलबदलू महिलाओं को चुनावी समर में उतारा**

**झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर पुरुष की अपेक्षा महिला वोटरों की संख्या अधिक**

### भाजपा ने तीन महिलाओं को दिया टिकट, महागठबंधन में मंथन जारी

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से तीन पर भाजपा ने महिला उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है.दुमका से झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन, सिंहभूम से कांग्रेस छोड़ भाजपा में आयीं गीता कोड़ा और कोडरमा से 2019 के चुनाव के वक्त ही राजद का साथ छोड़ भाजपा में शामिल हुईं अन्नपूर्णा देवी को दूसरी बार कोडरमा से प्रत्याशी बनाया है. वहीं महागठबंधन ने अभी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है. हालांकि जिन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है, उसमें एक भी महिला उम्मीदवार नहीं हैं. कांग्रेस ने तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिसमें लोहरदगा, खूंटी और हजारीबाग शामिल है. वहीं झामुमो ने दुमका और गिरिडीह सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है. अब तक एक भी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है. बाकी सीटों पर उम्मीदवार के नामों पर मंथन चल रहा है.

### झारखंड की चार सीटों पर महिला वोटर सबसे ज्यादा

झारखंड की चार लोकसभा सीटों में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है. राजमहल, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा लोकसभा सीट में महिला मतदाता पुरुष की अपेक्षा ज्यादा हो गई हैं. इस सीट पर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला महिला वोटर ही करेंगी. पांच साल में राजमहल लोकसभा सीट में 1,29,126 महिला मतदाता बढ़ी हैं. वहीं, दुमका में 1,02,461, गोड्डा में 1,50,959, चतरा में 1,43,108, कोडरमा में 2,00,529, गिरिडीह में 1,21,259, धनबाद में 1,26,530, रांची में 1,54,128 महिला मतदाता बढ़ी हैं. इसके साथ-साथ जमशेदपुर में 87,089, सिंहभूम में 94,602, खूंटी में 1,09,439, लोहरदगा में 1,18,211, पलामू में 2,06,229 और हजारीबाग में 1,51,653 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है.

### इन सीटों पर पुरुषों से ज्यादा है महिला मतदाता

| लोकसभा क्षेत्र | महिला मतदाता | पुरुष मतदाता |
|---|---|---|
| राजमहल | 8,41,217 | 8,40,995 |
| सिंहभूम | 7,27,734 | 7,05,167 |
| खूंटी | 6,67,946 | 6,44,311 |
| लोहरदगा | 7,19,616 | 7,07,402 |

### पिछले चार चुनाव में 62 महिला उम्मीदवारों की जमानत जब्त

पिछले चार लोकसभा चुनाव में 62 महिला उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई. 2004 के चुनाव में नौ महिला उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई. 2009 में 13 महिला उम्मीदवार, 2014 में 17 और 2019 में 23 महिला उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई थी. गौर करने वाली बात यह है कि पिछले चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के लिए 40 लाख 33 हजार 59 महिलाओं ने वोट दिए थे. यह कुल वोट का यह 47.33 फीसदी था.

### चतरा में गिरिनाथ व राजधनी बढ़ा सकते हैं भाजपा की मुश्किलें

# धनबाद, गिरिडीह व चतरा लोस सीट पर पक रही पक्ष-विपक्ष की खिचड़ी

सत्य शरण मिश्रा। रांची



- सरयू राय ढुल्लू के खिलाफ चुनाव लड़ने के मूड में, आलमगीर आलम से बात कर मांगा समर्थन
- रवींद्र पांडेय दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर के लगा रहे चक्कर, धनबाद के लिए कर रहे ट्राई

झारखंड के धनबाद, गिरिडीह और चतरा लोकसभा सीट पर एनडीए उम्मीदवारों की घोषणा के बाद भाजपा इन तीनों सीटों पर अंतर्कलह से जूझ रही है. उधर विपक्ष ने भी इन तीनों सीटों पर भाजपा की परेशानी बढ़ा दी है.भाजपा ने ढुल्लू महतो को धनबाद में अपना प्रत्याशी बनाया है. यहां ढुल्लू महतो को चुनौती देने के लिए कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी, लेकिन इसी बीच जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. ढुल्लू किसी भी सूरत में चुनाव न जीतें, इसके लिए सरयू सभी संभावनाओं पर काम कर रहे हैं, सरयू राय खुद धनबाद से चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन वे अकेले ढुल्लू को हरा पायेंगे, इसे लेकर कॉन्फिडेंट नहीं हैं. यही वजह है कि उन्होंने कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को फोन कर कहा है कि कांग्रेस अगर उनका समर्थन करे, तो वे धनबाद से चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने यह भी शर्त रखी है कि अगर कांग्रेस को मजबूत कैंडिडेट उतारेगा, तब वे धनबाद में कांग्रेस के पक्ष में खड़े रहेंगे.अब फैसला कांग्रेस को लेना है।

**रवींद्र पांडेय भी एक्टिव, टिकट की गारंटी मिले, तो बदलेंगे पाला**

उधर भाजपा ने इस बार भी गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू को दे दी है. आजसू ने एक बार फिर वहां चंद्रप्रकाश चौधरी को उतारा है. चंद्रप्रकाश को टिकट देने के बाद गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय भी कांग्रेस में संभावनाएं तलाशते हुए दिल्ली पहुंच गये. टिकट के लिए दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय नेताओं से भी मिले. सूत्रों के मुताबिक रवींद्र पांडेय धनबाद से लोकसभा चुनाव के लिए टिकट की उम्मीद कर रहे हैं. अगर चुनाव से पहले रवींद्र पांडेय भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाते हैं, तो गिरिडीह में भी झामुमो को काफी फायदा हो सकता है. झामुमो ने गुरुवार को गिरिडीह लोकसभा सीट से विधायक मथुरा महतो को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा कर दी है.

### चतरा भाजपा में अंतरकलह, राजद फायदा उठाने की फिराक में

चतरा लोकसभा सीट पर भाजपा ने कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है. कालीचरण सिंह को टिकट मिलने के बाद वहां भाजपा में अंतरकलह शुरू हो गया है. आधा दर्जन नेता पार्टी के फैसले से नाराज हो गये हैं. टिकट की दौड़ में शामिल रहे पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने सबसे पहले भाजपा का दामन छोड़ दिया और फिर से राजद में चले गये. राजद उन्हें चतरा से उम्मीदवार बना सकता है. उधर भाजपा नेता राजधनी यादव ने भी कालीचरण के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है. उन्होंने कालीचरण को हटाने के लिए भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में धरना तक दिया. प्रदेश मुख्यालय में हुई एनडीए की बैठक के दौरान भी वे समर्थकों के साथ धरना देने पहुंच गये थे. राजद का मानना है कि भाजपा नेताओं की नाराजगी से चतरा में उनके प्रत्याशी को फायदा हो सकता है.

### कृष्णा अग्रवाल को धमकी, रांची मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्य पहुंचे धनबाद

# मारवाड़ी समाज डरने वाला नहीं, कृष्णा को सुरक्षा मिले

संवाददाता। रांची

धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल को गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा धमकी दिये जाने को पूरे प्रदेश के मारवाड़ी समाज ने गंभीरता से लिया है. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने धनबाद पहुंच कर कृष्णा अग्रवाल से उनके आवास पर मुलाकात की. शिष्टमंडल में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री निर्भय शंकर हारित, कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल, पश्चिम सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सरायकेला खरसावां जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मनोज चौधरी शामिल थे.

### कृष्णा अग्रवाल से ली विस्तृत जानकारी



शिष्टमंडल में शामिल मारवाड़ी समाज के सदस्यों ने कृष्णा अग्रवाल से हाल के दिनों में जो वारदातें धनबाद जिले में हुईं, उसकी विस्तृत जानकारी ली. सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि लोकतंत्र में सबको अपना पक्ष रखने और अपने विचार व्यक्त करने का पूर्ण अधिकार है. परंतु कोई भी व्यक्ति चाहे वो कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, किसी को अपना विचार व्यक्त करने से नहीं रोक सकता. सिविल सोसाइटी के लोगों को नहीं डरा सकता. मारवाड़ी समाज एक गतिशील और प्रगतिशील समाज है और झारखंड की अर्थव्यवस्था में झारखंड के मारवाड़ी समाज का एक बड़ा योगदान है. मारवाड़ी समाज धमकियों से डरने वाला नहीं.

**राजनीति**

### जमशेदपुर के कई समाजसेवियों और युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

# आजसू के प्रति बढ़ता विश्वास, हमारी बढ़ती जिम्मेवारी का प्रतीक : सुदेश

संवाददाता। रांची

सभी वर्ग, समुदाय के विश्वास और साथ को अर्जित कर राज्य में आवश्यक राजनीतिक बदलाव की पटकथा लिखेगी आजसू पार्टी. हमारे संगठन पर राज्यवासियों का विश्वास बढ़ा है. जनता का बढ़ता विश्वास हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है. हमारी तैयारी राज्य के वर्तमान के साथ भविष्य को भी बेहतर बनाने की है. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही.



इस दौरान पार्टी के महासचिव रवि शंकर मौर्या के नेतृत्व में जमशेदपुर से आए कई समाजसेवियों और युवा व्यवसायियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. सदस्यता ग्रहण करने वालों अमन सिंह, विवेक सिंह, नवीन कुमार, धीरेंद्र नायक, विजेंद्र नाथ महतो, रंजय सिंह, देवा सिंह, रणविजय सिंह, सिंटू कुमार, सौरभ सिंह, सचिन सिंह, सतेंद्र कुमार, खगेन्द्र कुमार, मनोज जी, रोहित राज समेत अन्य लोगों शामिल थे. इस अवसर पर सरोज सिंह, अरुण सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे. मौके पर उन्होंने पार्टी की नीति तथा सिद्धातों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया.

### अपराध का ग्राफ बढ़ा व विकास का गिरा

सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने सवा चार साल के कार्यकाल में अपनी गलत नीति निर्धारण से समाज के हर वर्ग को निराश किया है. राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ा और विकास का ग्राफ गिरा है. सत्ता के नशे में चूर इस गठबंधन ने राज्य के बारे में नहीं सोचा. आने वाले लोकसभा चुनावों में जनता इन्हें अपने वोट की ताकत का एहसास दिलाएगी. पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का सुदेश महतो ने पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में आपके अनुभव को बेहतर और सशक्त मंच देगी आजसू पार्टी. इस मंच की सहायता से आप सभी जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करें और पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें.

